बुधवार, 12 नवम्बर 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 18 – 28 |
| आर्द्रता | 69% |
| सूर्योदय: 5:47 | सूर्यास्त: 16:54 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा




मुगलकाल, ब्रिटिश सरकार ने भारत की एकता को छिन्न-भिन्न कर दिया: योगी आदित्यनाथ पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सारी दुनिया ग़लत है। सिर्फ़ मैं सही हूँ, यह अहसास बहुत दुख देता है।

# सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली विस्फोट में संलिप्त हर दोषी की तलाश करें : अमित शाह

## मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हुई

### फ्रांस और इटली समेत कई देशों के दूतावासों ने भारत संग एकजुटता व्यक्त की, शोक जताया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे दिल्ली विस्फोट मामले में सलिप्त प्रत्येक दोषी की तलाश करें। इस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस विस्फोट में संलिप्त सभी लोगों को सुरक्षा एजेंसियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। शाह ने यह निर्देश राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक सोमवार शाम हुए विस्फोट के मद्देनजर आयोजित दो सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करने के बाद दिये। केंद्रीय गृहमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली कार विस्फोट पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्हें इस घटना के पीछे के प्रत्येक अपराधी को पकड़ने का निर्देश दिया। इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को हमारी एजेंसियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा।'' सूत्रों ने बताया कि पहली बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद वसंत दाते शामिल हुए। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात भी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान शीर्ष अधिकारियों ने विस्फोट के बाद की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सूत्रों ने बताया कि दोपहर की सुरक्षा समीक्षा बैठक में भी लगभग यही अधिकारी शामिल हुए। गृह मंत्रालय ने विस्फोट की जांच एनआईए को भी सौंप दी है।

### प्रारंभिक जांच में 'दुर्घटनावश' विस्फोट होने के संकेत

लाल किले के पास हुए विस्फोट मामले की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि जब एक अंतर-राज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल के भंडाफोड़ के बाद जल्दबाजी में बनाए गए विस्फोटक उपकरण को ले जाया जा रहा था तभी संभवतः यह विस्फोट 'दुर्घटनावश' हुआ। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मंगलवार को लाल किला विस्फोट मामले की जांच एक संभावित आतंकवादी हमले के रूप में की और पुलवामा के एक डॉक्टर उमर नबी पर ध्यान केंद्रित किया । पुलवामा के इस डॉक्टर का संबंध फरीदाबाद स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से था, जिसका पर्दाफाश वहां से विस्फोटक बरामद होने के बाद हुआ था। सूत्रों ने बताया कि यह विस्फोट दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में कई स्थानों पर सुरक्षा एजेंसियों द्वारा आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा माने जा रहे संदिग्धों को पकड़ने के लिए की गई छापेमारी के बाद घबराहट और हताशा में किया गया।

## एनआईए करेगी जांच

### विस्फोट से पहले कार के 11 घंटे की यात्रा से संदिग्ध गतिविधि का पता चला

दिल्ली पुलिस ने उस हुंदै आई20 कार के 11 घंटे के रूट का पता लगा लिया है, जिसका इस्तेमाल लाल किला के पास विस्फोट में किया गया था। जांच से पता चला है कि वाहन हरियाणा के फरीदाबाद से राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा था। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और टोल प्लाजा से प्राप्त आंकड़ों से जांच अधिकारियों को वाहन की गतिविधियों की विस्तृत समय-सीमा जानने में मदद मिली है। सूत्रों ने बताया कि कार का सफर सोमवार सुबह फरीदाबाद से शुरू हुआ और दिल्ली के कई हिस्सों से होते हुए सोमवार शाम करीब 6:52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट हुआ।

### दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा: प्रधानमंत्री मोदी



**थिंपू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना की जांच कर रही एजेंसियां मामले की तह तक जाएंगी और इसके लिए जिम्मेदार सभी लोगों को न्याय के शिकंजे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सोमवार को पूरी रात विस्फोट की जांच कर रही एजेंसियों के संपर्क में रहे। मोदी ने कहा, भारत और भूटान के बीच सदियों से गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। इसलिए, इस खास मौके का हिस्सा बनना भारत और मेरी प्रतिबद्धता थी। उन्होंने कहा, लेकिन आज मैं भारी मन से यहां आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी को बहुत दुखी किया है। मैं प्रभावित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मोदी ने कहा, हमारी एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने चांगलीमेथांग स्टेडियम में हजारों भूटानी नागरिकों की मौजूदगी में दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की।

### दिल्ली पुलिस ने यूएपीए और विस्फोटक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की

लाल किले के पास हुए धमाके को दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी में 'बम विस्फोट' करार दिया गया और इस घटना में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी हमले की साजिश व सजा से संबंधित धाराएं लगाई गई हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में 'हाई अलर्ट' जारी कर दिया गया है और हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों एवं बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, कोतवाली थाने में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी, यूएपीए की धारा 16 और 18 के तहत दर्ज की गई है जो आतंकवादी हमले के लिए सजा और साजिश से संबंधित है।

### कार चलाने वाले पुलवामा के डॉक्टर के आतंकवादी मॉड्यूल से थे संबंध

पुलिस ने मंगलवार को लाल किला विस्फोट मामले की जांच एक संभावित आतंकवादी हमले के रूप में की और पुलवामा के एक डॉक्टर पर ध्यान केंद्रित किया जो विस्फोट में इस्तेमाल हुई कार को चला रहा था। पुलिस ने बताया कि पुलवामा के इस डॉक्टर का संबंध फरिदाबाद स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से था, जिसका पर्दाफाश वहां से विस्फोटक बरामद होने के बाद हुआ था। माना जा रहा है कि सोमवार शाम हुए विस्फोट में डॉ. उमर नबी की मौत हो गई है। इस विस्फोट में कम से कम 12 लोग मारे गए थे। मंगलवार को जम्मू कश्मीर पुलिस ने उमर की मां का डीएनए नमूना लिया, ताकि अवशेषों की पुष्टि हो सके। श्रीनगर में एक अधिकारी ने कहा, ''हमने विस्फोट स्थल पर मिले अवशेषों का मिलान करने के लिए भी डीएनए नमूना लिया है।''

## बिहार ने रचा इतिहास: 63 साल बाद 67% मतदान

### महिलाओं ने पुरुषों को पछाड़ा



**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को बताया कि बिहार में कुल 66.91 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 1951 में राज्य में हुए पहले चुनाव के बाद से सर्वाधिक है। आयोग ने बताया कि राज्य के इतिहास में महिला मतदाताओं की संख्या भी सर्वाधिक रही। निर्वाचन आयोग ने बताया कि छह नवंबर को पहले चरण के मतदान में 61.56 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने 69.04 प्रतिशत मतदान किया। यहां मंगलवार को हुए दूसरे और अंतिम चरण के मतदान में महिला मतदाताओं ने फिर से बड़ी संख्या में मतदान किया। महिला मतदाताओं की भागीदारी 74.03 फीसदी रही, जबकि पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 64.1 था। निर्वाचन आयोग ने कहा कि डेटा अनंतिम है और इसमें सेवा मतदाता, ट्रांसजेंडर मतदाता और डाक मतपत्रों का प्रतिशत शामिल नहीं है। इसमें रेखांकित किया गया है कि अंतिम आंकड़े ईसीआई इंडेक्स कार्ड के माध्यम से साझा किए जाएंगे। बिहार में इससे पहले 2015 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने बड़ी संख्या में मतदान किया था। उस बार महिलाओं का मतदान प्रतिशत 60.48 था जबकि पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 53.32 रहा था।

## एग्जिट पोल: बिहार में राजग की बड़ी जीत के आसार

**नयी दिल्ली :** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में संभावना जताई गई है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बड़े बहुमत के साथ एक बार फिर सरकार बना सकता है। यदि असल नतीजे भी चुनाव बाद आए इन सर्वेक्षणों के आंकड़ों की तरह रहते हैं तो एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वाम दल और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के महागठबंधन के लिए सत्ता दूर की कौड़ी साबित होगी। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग में जनता दल (यू), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल हैं। बिहार में मतदान संपन्न होने के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल में राजग को बड़ी जीत मिलने की भविष्यवाणी की गई है।

एग्जिट पोल

| एजेंसी | एनडीए | महागठबंधन | जनसुराज | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मैट्रीज आईएएनएस | 147-167 | 70-90 | - | 2-6 |
| पीपल्स पल्स | 133-159 | 75-101 | 0-5 | 2-8 |
| जेवीसी पोल | 135-150 | 88-103 | 0-1 | 3-6 |
| पीपल्स इनसाइट | 133-148 | 87-102 | 0-2 | 2-8 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 130-138 | 100-108 | - | 3-5 |
| पोलस्ट्रैट | 133-148 | 87-102 | - | 3-5 |
| पोल डायरी | 184-209 | 32-49 | - | 1-5 |
| प्रजा पोल एनालिटिक्स | 186 | 50 | - | 0-7 |
| टीआईएफ रिसर्च | 145-163 | 76-95 | - | 3-6 |
| पी-मार्क | 142-162 | 80-98 | 1-4 | 0-3 |

## ममता ने स्वास्थ्य भवन में 110 मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के ग्रामीण और दुर्गम पहाड़ी इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य भवन से 110 मोबाइल मेडिकल यूनिट (चलित चिकित्सा वाहन) का उद्घाटन किया। इन वाहनों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के साथ प्राथमिक उपचार के सामान और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्यसभा सांसदों के विकास कोष से प्राप्त 84 करोड़ रुपये की लागत से कुल 210 मोबाइल मेडिकल यूनिट तैयार की गई हैं, जिनमें से 110 का शुभारंभ किया गया है। ममता बनर्जी ने कहा कि हर यूनिट में चिकित्सक, नर्स, तकनीशियन और आवश्यक उपकरण व दवाइयां मौजूद रहेंगी। जहां भी ये यूनिट पहुंचेंगी, वहां के लोगों को पहले से सूचित किया जाएगा। इससे खास तौर पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को लाभ मिलेगा। जरूरत पड़ने पर मरीजों को अस्पताल में भी रेफर किया जा सकेगा। इन मोबाइल मेडिकल यूनिटों में हीमोग्लोबिन, प्रेग्नेंसी, मलेरिया, ईसीजी, ब्लड शुगर सहित कुल 35 प्रकार की बीमारियों की जांचें निशुल्क की जाएंगी। इस सेवा को चालू रखने में सरकार को सालाना लगभग 30 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछले 14 वर्षों में राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय क्रांति आई है।

उद्घाटन समारोह के दौरान, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मुद्दे पर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले कई लोगों का जन्म घरों में होता था, खासकर गांवों में। ऐसे मामलों में जन्म प्रमाणपत्र की जगह शैक्षणिक प्रमाणपत्र पर अंकित तिथि को ही जन्मतिथि माना जाता था। अब 99.4 प्रतिशत बच्चों का जन्म संस्थागत रूप से हो रहा है।

### '14 हजार डॉक्टरों और नर्सों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रक्रिया अटकी क्यों है?'

राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत बनाने के सरकारी प्रयासों के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा सवाल उठाया। स्वास्थ्य भवन में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नाराजगी भरे स्वर में पूछा कि अदालत का मामला तो अब समाप्त हो चुका है, फिर 14 हजार डॉक्टरों और नर्सों की नियुक्ति प्रक्रिया अब तक रुकी क्यों है? कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने सीधे उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि हमने लगभग 14 हजार नियुक्तियां की हैं। कुछ समय के लिए मामला अदालत में लंबित था, लेकिन अब विलंब का कोई कारण नहीं है। स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड से कहिए कि काम में तेजी लाए। अगर वे गति नहीं लाते, तो आपको लानी होगी। मुख्यमंत्री के इस वक्तव्य को राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रशासनिक ढांचे को लेकर उनके असंतोष के रूप में देखा जा रहा है।

## न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ द्रमुक, तृणमूल की याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को चुनौती देने वाली द्रमुक), माकपा), कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस द्वारा दायर याचिकाओं पर ईसी से मंगलवार को अलग-अलग जवाब देने को कहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग से नयी याचिकाओं पर दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने मद्रास और कलकत्ता उच्च न्यायालयों को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हर प्रकार की कार्यवाही को स्थगित रखने का भी निर्देश दिया। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, द्रमुक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह प्रक्रिया बिना निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए, जल्दबाजी में की जा रही है और मतदाताओं से अलग-अलग दस्तावेज़ मांगे जा रहे हैं। पीठ ने कहा, ''ऐसा लगता है कि हमारे सामने जो मामला पेश किया जा रहा है, वह यह है कि मतदाता सूची पहली बार तैयार की जा रही है। हम भी ज़मीनी हकीकत जानते हैं। एक संवैधानिक प्राधिकार है, जो यह कर रहा है और उसे ऐसा करने का अधिकार है। पहले भी ऐसा किया जा चुका है।

### इस्लामाबाद में अदालत के बाहर आत्मघाती बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत, 20 घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार को एक अदालत के बाहर हुए आत्मघाती बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि 20 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। यह हमला राजधानी के जी-11 इलाके में अदालत परिसर के प्रवेश द्वार के पास किया गया। सरकारी पाकिस्तान टेलीविजन (पीटीवी) ने बताया कि बचाव अधिकारियों को 12 शव मिले हैं।






## भारत के साथ व्यापार समझौता करने के 'बेहद करीब' है अमेरिका : ट्रंप



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, भारत के साथ ''न्यायसंगत व्यापार समझौते'' पर पहुंचने के ''काफी करीब'' है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह भारत पर लगाए गए शुल्क (टैरिफ) को ''एक समय'' कम कर देंगे। यह दो हफ्ते से भी कम समय में दूसरी बार है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर मुहर लगने की उम्मीद जताई है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उक्त बयान ट्रंप का सामान्य अतिशयोक्तिपूर्ण बयान था या दोनों पक्षों के बीच बहुप्रतीक्षित समझौते के लिए वार्ता में कुछ प्रगति हुई है। ट्रंप ने सोमवार को कहा, ''हम भारत के साथ एक समझौता कर रहे हैं, यह पहले की तुलना में बहुत अलग है। इसलिए अभी वे मुझे पसंद नहीं करते लेकिन वे हमें फिर से पसंद करेंगे।''

## गगनयान मिशन: इसरो ने मुख्य पैराशूट पर अहम परीक्षण किया

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि उसने तीन नवंबर को उत्तर प्रदेश के झांसी में बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में गगनयान चालक दल मॉड्यूल के लिए मुख्य पैराशूट पर एक महत्वपूर्ण परीक्षण किया जो सफल रहा। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि यह परीक्षण गगनयान मिशन के लिए पैराशूट प्रणाली की योग्यता के लिए चल रहे परीक्षणों का हिस्सा है। गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य तीन सदस्यों वाले दल को तीन दिन के मिशन पर अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। इसरो ने एक बयान में कहा कि गगनयान चालक दल मॉड्यूल के लिए, पैराशूट प्रणाली में भिन्न-भिन्न चार प्रकार के कुल 10 पैराशूट शामिल किए गए हैं।

## फिर दहली दिल्ली

सोमवार की शाम दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुए धमाके में कुछ अनमोल जिंदगियों का खत्म होना बेहद दुखद है। काफी संख्या में लोगों के घायल होने की भी खबरें हैं। धमाके के बाद आसपास के कई वाहनों में लगी आग पर काबू पाने में अग्निशमन दल को खासी मशक्कत करनी पड़ी। पहली नजर में पुलिस इसे आतंकी घटना मानकर चल रही है। इसे संयोग मानें या दुर्योग कि आतंकवादियों के किसी भीड़-भाड़ वाले स्थान को निशाने बनाने से पहले कार में ही धमाका हो गया। देश की केंद्रीय एजेंसियां आतंकवादियों की साजिश को बेनकाब करने में जुटी हैं। पहले फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा स्थित फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव में राज्य और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की साझा रेड में करीब तीन हजार किलो से अधिक विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ था। इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपी कश्मीरी मूल के बताए जाते हैं। इससे पहले रविवार को गांव के एक कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की बात कही जा रही है। कल पुलिस ने दूसरे घर से 2,563 संदिग्ध विस्फोटक की बरामदगी की है। बताया जाता है कि एक मौलाना ने यह घर एक डॉ. मुजामिल ने किराये पर लिया हुआ था। पुलिस तफ्तीश में जुटी है कि इस विस्फोटक का कहां इस्तेमाल किया जाना था और क्या इनके किसी आतंकी संगठन से तार जुड़े हैं। पुलिस का दावा है कि डॉक्टर के फरीदाबाद स्थित ठिकाने से अधिकारियों ने अमोनियम नाइट्रेट और अन्य रासायनिक पदार्थों सहित आईईडी बनाने की सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। जाहिर है, देश के भीतर बड़ा आतंकी हमला करने की साजिश रची जा रही थी। इस मामले में मिल रही चौंकाने वाली जानकारी इसी ओर संकेत कर रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस दावा कर रही है कि उसने विभिन्न क्षेत्रों में पेशेवर चिकित्सकों के एक कट्टरपंथी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। आधिकारिक सूत्र दावा कर रहे हैं कि इस साजिश का खुलासा उस समय हुआ जब श्रीनगर के नोगाम इलाके में एक पोस्टर लगा दिखा, जिसमें दुकानदारों को केंद्रीय एजेंसियों से लेन-देन न करने की चेतावनी दी गई थी। बताया जाता है कि सीसीटीवी फुटेज में पोस्टर लगाने वाले जिस व्यक्ति की शिनाख्त हुई, वह सहारनपुर में कश्मीरी मूल का डॉक्टर अदील निकला। पूछताछ में उसके श्रीनगर में कुछ अन्य डॉक्टरों से संबंधों का खुलासा हुआ। डॉ. अदील की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में डॉ. मुजामिल सहित अन्य डॉक्टरों की पहचान हुई। बताते हैं कि फरीदाबाद स्थित एक क्लीनिक से ही बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि मानवता की सेवा की शपथ लेकर चिकित्सा के पेशे में आने वाले लोग कैसे कट्टरपंथ के चलते लोगों की जिंदगी छीनने वाले खौफनाक खेल का हिस्सा बन गए। जाहिर है, इस मॉड्यूल का मकसद देश के विभिन्न हिस्सों में धमाकों के जरिये दशहत फैलाना ही रहा होगा। निश्चय ही बड़ी मात्रा में विस्फोटकों की बरामदगी तथा आईईडी बनाने के सामान बरामद होना किसी बड़ी साजिश की ओर ही इशारा कर रहा है। निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान दिल्ली में हुआ यह पहला बड़ा धमाका सरकार की चिंता बढ़ाने वाला है। लाल किले मेट्रो स्टेशन के निकट हुए धमाके में इस्तेमाल कार में बैठे एक घायल व्यक्ति की गिरफ्तारी की खबर कुछ सूचना माध्यमों में देखी गई। यदि वाकई गिरफ्तार व्यक्ति साजिशकर्ताओं का साथी निकला तो पुलिस को इस आतंकी षड्यंत्र की तह तक पहुंचने में मदद मिल सकेगी। जिससे अनेक लोगों को किसी बड़ी आतंकी साजिश का शिकार होने से बचाया जा सकेगा। संभव है कि इस देशी मॉड्यूल को पाक पोषित किसी बड़े आतंकी संगठन की शह मिली हो। बहरहाल, दिल्ली में मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों को विशेष सतर्कता बरतने का सबक जरूर दिया है। गृह मंत्रालय व एनआई, एफएसएल, एनआईए, एनएसजी आदि विभिन्न एजेंसियों की सक्रियता बता रही है कि सरकार घटना को गंभीरता से ले रही है। विश्वास करें कि सुरक्षा एजेंसियां धमाके करने वालों तक पहुंचने में शीघ्र कामयाब हो सकेंगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 12 नवम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष अष्टमी, 23:03 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 18:37 तक, योग : शुक्ला, 07:55 तक, सूर्योदय: 05:47, सूर्यास्त: 16:54, चन्द्रोदय : 23:43, चन्द्रास्त: 12:13, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 11:20 से 12:42

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते हैं, तो उसके लिए भी दिन बेहतर रहने वाला है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपके अपने बॉस से छोटी-छोटी बातों को लेकर न उलझें। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई काम करने के लिए रहेगा। आपकी कोई अधूरी इच्छा पूरी हो सकती है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपके मन पर यदि कोई संशय था, तो वह भी दूर होगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। परिवार में किसी नए मेहमानों का आगमन हो सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको अच्छा मान-सम्मान मिलेगा।

**तुला :** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल हो सकती हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए कर्जो से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको कामों पर विशेष ध्यान देना होगा और अपने बॉस की बातों पर आप पूरा भरोसा करें।

**धनु :** आज का दिन आपके अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। संतान के भविष्य को लेकर आपको कोई चिंता हो सकती हैं। मित्रों का आज आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। संतान के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आध्यात्म के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। आपको अपने गुप्त शत्रुओं से भी सावधान रहना होगा। आपके बॉस किसी बनते काम को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे।

# प्रवर्तन से सुविधा तक: व्यवसाय से संबंधित सम्पूर्ण व्यवस्था और श्रम कल्याण के लिए वेतन संहिता, 2019 के आशय



ओम प्रकाश गुप्ता, अखिल भारतीय महासचिव, लघु उद्योग भारती द्वारा

आज की वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था में, जहाँ न्यायसंगत वेतन, सम्मानजनक कार्य और श्रमिक संरक्षण टिकाऊ विकास के मूल तत्व हैं, वेतन संहिता, 2019 भारत के लिए प्रवर्तन से सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को इंगित करती है। वियतनाम जैसे अनेक विकासशील देशों के उदाहरण दर्शाते हैं कि समयबद्ध और सुविचारित श्रम सुधार किस प्रकार सामाजिक न्याय को सुदृढ़ करते हुए आर्थिक वृद्धि को गति दे सकते हैं। वियतनाम में न्यूनतम वेतन सुधार और श्रमिकों की सुरक्षा के संवर्धित उपायों सहित श्रम कानूनों के किए गए बदलावों की बदौलत विदेशी निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और औपचारिक रोजगार में निरंतर वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने लगातार इस बात पर बल दिया है कि न्यायसंगत वेतन प्रथाओं को सुनिश्चित करना विशेष रूप से गरीबी उन्मूलन, सम्मानजनक कार्य और समावेशी आर्थिक विकास से संबंधित लक्ष्यों सहित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति के लिए आवश्यक है । साथ ही, दुनिया भर के व्यवसायों ने अत्यधिक नियामक बोझ, जटिल अनुपालन संरचनाओं, और दंडात्मक प्रवर्तन के बारे में चिंता भी व्यक्त की है, जो तेजी से बदलते वैश्विक बाजार में उनकी प्रगति और प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता में बाधा उत्पन्न करते हैं।

दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने और वैश्विक श्रम बाजार में अहम प्रतिभागी होने नाते भारत इन चुनौतियों से अछूता नहीं है। औपचारिक और अनौपचारिक दोनों ही क्षेत्रों में कार्यरत विशाल कार्यबल (53.53 करोड़) के साथ (आर्थिक समीक्षा, 2021-22), देश ने लंबे समय तक श्रमिकों के लिए वेतन में बराबरी सुनिश्चित करने और नियोक्ताओं के लिए अनुपालन के ढाँचे को आसान बनाने की दोहरी चुनौती का सामना किया है।

वेतन से जुड़े अनेक कानूनों (वेतन भुगतान अधिनियम, 1936; न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948; बोनस भुगतान अधिनियम, 1965; और समान पारिश्रमिक अधिनियम,1976) और उनके ओवरलैपिंग प्रावधानों तथा उन्हें लागू करने में आने वाली मुश्किलों की वजह से अक्सर नियोक्ताओं के लिए भ्रम, दोहराव और अनुपालन की चुनौतियाँ उत्पन्न होती थीं। इन कमियों ने आर्थिक उत्पादकता और श्रमिकों के कल्याण दोनों में बाधा उत्पन्न की। वेतन संहिता, 2019 इन चारों मौजूदा कानूनों को एक ही सुव्यवस्थित ढाँचे में समेकित कर इन समस्याओं को हल करती है। यह सरलीकरण वेतन मानकों की एक जैसी परिभाषाएँ और लगातार अनुपालन सुनिश्चित करता है, जिससे गैर-ज़रूरी ओवरलैप खत्म होते हैं और नियोक्ताओं के लिए अनुपालन आसान हो जाता है, साथ ही श्रमिकों को समय पर और न्यायसंगत वेतन की गारंटी मिलती है। यह संहिता प्रशासनिक जटिलता को कम करके, पारदर्शिता, दक्षता और नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों में बेहतरी को बढ़ावा देने के प्रति लक्षित है। इस तरह, वेतन संहिता, भारत का अपनी श्रम नीतियों को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनाने का प्रयास है। जो यह सुनिश्चित करती है कि श्रमिकों की सुरक्षा और व्यावसायिक दक्षता दोनों का एक-दूसरे को मज़बूत करते हुए साथ-साथ आगे बढ़े।

वेतन की एकसमान परिभाषा: वेतन संहिता, 2019 के तहत लाया गया एक मुख्य सुधार वेतन की एक समान और पूरी परिभाषा को अपनाया जाना है, जो पहले के विभाजित दृष्टिकोण की जगह लेता है, जिसमें हर श्रम कानून की अपनी अलग परिभाषा थी। इस असंगतता के कारण नियोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों के लिए अक्सर भ्रम, मुकदमेबाजी और अनुपालन संबंधी चुनौतियाँ उत्पन्न होती थीं, क्योंकि एक ही शब्द वेतन विभिन्न उद्देश्यों के लिए अलग-अलग अर्थ रखता था। परिभाषा को मानकीकृत करके, वेतन संहिता वेतन गणना में ज़्यादा पारदर्शिता और प्रशासनिक सरलता लाएगी। अब यह एकसमान परिभाषा स्पष्ट रूप से यह निर्धारित करती है कि वेतन में क्या-क्या शामिल होगा, जिसमें मूल वेतन, महंगाई भत्ता और प्रतिधारण भत्ता शामिल हैं, जबकि बोनस, गृह किराया भत्ता और ओवरटाइम भुगतान जैसे खास घटकों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। नियोक्ता के लिए, यह नियामक स्पष्टता और अनुपालन में आसानी देती है, जिससे सभी क्षेत्रों में ज़्यादा पारदर्शी और न्यायसंगत वेतन संरचना को बढ़ावा मिलता है।

निरीक्षक - सुविधा प्रदाता के रूप में : वेतन संहिता, 2019 की एक बड़ा बदलाव लाने वाली विशेषता निरीक्षकों की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करना है। पहले के कानूनों के तहत, निरीक्षक मुख्य रूप से लागू करने वाले या प्रवर्तक के तौर पर काम करते थे, जिससे अक्सर नियोक्ताओं के साथ उनके रिश्ते टकरावपूर्ण हो जाते थे। दुनिया भर में, नियामक प्रणालियों में नियमों के सख्त प्रवर्तन के स्थान पर उनमें सुविधा देने का बदलाव आया है, जहाँ नियामक अब नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने में भागीदार के तौर पर काम करते हैं। इस वैश्विक प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए, वेतन संहिता, 2019 निरीक्षक की भूमिका को निरीक्षक-सह-सुविधा प्रदाता के रूप में पुनर्परिभाषित करती है, जिसका आशय है कि निरीक्षकों को अब सिर्फ लागू करने वाले के तौर पर नहीं, बल्कि सुविधा प्रदाता के तौर पर देखा जाता है; जो नियोक्ताओं के लिए मार्गदर्शक, शिक्षक और सहयोगी के रूप में काम करते हैं। अब उनकी भूमिका में व्यवसायों को नियमों को समझने और उनका पालन करने में मदद करना और नियमों का पालन बेहतर बनाने के लिए विशेषज्ञ परामर्श देना शामिल है।

नियंत्रण से सुविधा प्रदाता की ओर इस बदलाव का उद्देश्य परस्पर विश्वास कायम करना और सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के साथ तालमेल बिठाना है, इस तरह यह संहिता सहयोगात्मक नियमन और नियोक्ताओं और नियामक अधिकारियों के बीच अविश्वास को कम करने पर ज़ोर देती है। साझेदारी को बढ़ावा देकर, यह संहिता नियोक्ता के लिए अनुपालन को आसान बनाती है। श्रम कानूनों का बेहतर पालन करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह उत्तरदायी विनियमन की ओर वैश्विक प्रवृत्ति से भी मेल खाती है, जहाँ अनुपालन की नींव बातचीत और भरोसे पर आधारित है।

गैर-अपराधिकरण और स्तरित दंड (या ग्रेडेड पेनल्टी) : इस संहिता के सबसे स्वागतयोगय सुधारों में से एक है अपराधों को गैर-आपराधिक बनाना। पहले, वेतन से जुड़े उल्लंघन अक्सर लंबी आपराधिक कार्यवाही की ओर ले जाते थे, जो नियोक्ताओं के लिए चिंता और देरी का कारण बनते थे। नई रूपरेखा में पहले अनुपालन करने का तरीका अपनाया जाता है, जिससे नियोक्ताओं को अत्यधिक दंडित किए जाने के बजाय गलतियों को सुधारने में मदद मिलती है।

वेतन संहिता में स्तरित दंड या ग्रेडेड पेनल्टी सिस्टम शुरू किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि दंड को उल्लंघन की गंभीरता के मुताबिक निर्धारित किया जाए । यह अपराधों की गंभीरता के आधार पर दंड को श्रेणियों में बांटकर, यह संहिता प्रवर्तन में निष्पक्षता, आनुपातिकता और न्याय को बढ़ावा देने की ओर लक्षित है। छोटी-मोटी गलतियों पर अब कड़ा दंड नहीं मिलेगा, जबकि गंभीर उल्लंघनों पर अब भी उचित दंड दिया जाएगा।

अपराधों को संयोजित या कंपाउंड करना: अपराधों को संयोजित करने का प्रावधान नियोक्ता को लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से बहुत ज़रूरी राहत देता है। पुराने ढाँचे में मामूली, प्रक्रियात्मक गलतियों के लिए भी आपराधिक दंड लगाया जाता था, जिससे लंबी कानूनी प्रक्रिया और नियोक्ताओं में डर उत्पन्न होता था। अपराधों को संयोजित करने के तरीके के तहत, कुछ अपराधों को निर्धारित प्राधिकरण को सीधे दंड देकर निपटाया जा सकता है, जो तय अधिकतम जुर्माने के 50% के बराबर होता है (धारा 56)। यह सुधार कानूनी देरी को काफी कम करेगा, समाधान प्रक्रिया को आसान बनाएगा, और बिज़नेस को मुकदमेबाजी के खर्चों और अनिश्चितताओं से बचाएगा। नियोक्ता अब बिना किसी रुकावट के अपना काम जारी रखते हुए विवादों को कुशलता से सुलझा सकते हैं।

डिजिटल अनुपालन - कारोबार करने में आसानी: ऐसी दुनिया में जहाँ डिजिटल परिवर्तन तेजी से बढ़ रहा है, नियामक प्रणालियाँ अधिकारीय अड़चनों को कम करने के लिए उसके अनुकूल हो रही हैं। वेतन संहिता इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड-कीपिंग शुरू करके और एकल पंजीकरण और एक रिटर्न फाइलिंग के ज़रिए अनुपालन को आसान बनाकर भारत को इस वैश्विक प्रवृत्ति के साथ जोड़ती है। पहले, व्यवसाय को विभिन्न वेतन-संबंधी कानूनों के तहत विविध पंजीकरण, फाइलिंग और बहुत सारी कागजी कार्रवाई का सामना करना पड़ता था।

नई प्रणाली इन ज़रूरतों को एक सुचारु डिजिटल प्रक्रिया में बदल देती है। इस आधुनिकीकरण से प्रशासनिक बोझ कम होगा, समय और संसाधन बचेंगे। डिजिटल समाधान को बढ़ावा देकर यह सुधार 'कारोबार करने को सुगम बनाना' के व्यापक एजेंडे में योगदान देगा और एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक अर्थव्यवस्था के तौर पर भारत की स्थिति को मज़बूत करेगा।

संतुलित श्रम इकोसिस्टम बनाना: वेतन संहिता, 2019 सिर्फ़ श्रमिकों के लिए मात्र सुधार से कहीं बढ़कर है। यह नियोक्ताओं के लिए भी एक बड़ा कदम है, जिन्हें वेतन से जुड़ी अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करने में स्पष्टता, दक्षता और सहायता मिलती है। निरीक्षकों के सुविधा प्रदाता के तौर पर काम करने, अपराधों को गैर-आपराधिक बनाने, स्तरित दंड या ग्रेडेड पेनल्टी, अपराधों को संयोजित करने के प्रावधान और डिजिटल अनुपालन के साथ, यह संहिता निष्पक्षता और जवाबदेही बनाए रखते हुए कारोबार के लिए अच्छा माहौल बनाती है। जैसे-जैसे भारत खुद को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के तौर पर स्थापित कर रहा है, श्रमिकों के अधिकारों और नियोक्ताओं के काम में आसानी के बीच संतुलन बनाना बहुत ज़रूरी है। दोनों पक्षों की चिंताओं को दूर करके, यह संहिता ज़्यादा सामंजस्यपूर्ण और प्रगतिशील श्रम बाजार के लिए आधार तैयार करती है, जहाँ अनुपालन को बढ़ावा दिया जाता है, विवादों में कमी आती है, और आर्थिक विकास सामाजिक न्याय एक साथ सुनिश्चित होता है।

यहाँ इस बात का उल्लेख करना प्रासंगिक है कि वर्तमान में उत्पाद और उसकी पैकेजिंग के डिज़ाइन में अक्सर बदलाव करना पड़ता है, जो ग्राहक की मांग पर निर्भर करता है। यदि निर्धारित अवधि में आपूर्ति किए जाने वाले उत्पाद की मांग ज़्यादा है, तो ऐसी स्थिति में श्रमिक बल को काम के सामान्य घंटों से ज़्यादा समय तक काम करना पड़ सकता है, जिसके लिए उन्हें ओवर टाइम भुगतान करके सही मुआवज़ा दिया जाएगा। यदि काम के घंटों में कोई कोई सीमा निर्धारित है, तो नियोक्ता को नए कामगार रखने पड़ते हैं जो शायद काम के माहौल से परिचित न हों और उन्हें कार्य वातावरण के अनुकूल बनने में समय लगेगा, जिससे उत्पादन क्षमता पर असर पड़ेगा और उत्पादों की अस्वीकृति होगी, इसलिए, उत्पादन की समय सीमा को देखते हुए मौजूदा कार्यबल को आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त समय काम करने की अनुमति दी जा सकती है।

वेतन संहिता, 2019 अपनी श्रम नीति को आधुनिक बनाने की दिशा में भारत का निर्णायक कदम है, जो वैश्विक स्तर पर अधिक न्यायसंगत, सरल और दक्ष नियमन की मांग के अनुरूप है। अनुपालन को आसान बनाकर, प्रक्रिया को डिजिटाइज़ करके, तथा नियोक्ताओं और नियामकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देकर, यह संहिता भारतीय श्रम पद्धति को निष्पक्षता और उत्पादकता के अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ जोड़ती है। यह वेतन संहिता महज एक कानूनी सुधार से कहीं बढ़कर है, जो वेतन कानून को आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय दोनों के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में नए सिरे से परिभाषित करती है। यह एक ऐसे श्रम इकोसिस्टम की नींव रखती है जो मज़दूर-केंद्रित और कारोबार के अनुकूल दोनों है, जो भारत के विकसित भारत2047 की ओर बढ़ने के लिए बहुत ज़रूरी है। भारत तेज़ी से जटिल होते वैश्विक माहौल का सामना कर रहा है; जिसमें व्यापार में बदलाव, बढ़ते टैरिफ और बढ़ती आय असमानताएँ हैं। ऐसे में वेतन संहिता का समय पर और प्रभावी कार्यान्वयन ज़रूरी हो जाता है। यह एक पारदर्शी, अनुमानित नियामक ढाँचा तैयार करेगी जो निवेशकों का विश्वास बढ़ाएगा, औपचारिकता को प्रोत्साहित करेगा और श्रमिकों के कल्याण को को बढ़ावा देगा।

# बिहार का रण बना यूपी की राजनीति का सेमीफाइनल, अखिलेश-योगी की साख दांव पर



संजय सक्सेना

बिहार का विधानसभा चुनाव इस बार सिर्फ एक राज्य की सत्ता का सवाल नहीं है, बल्कि यह पूरे उत्तर प्रदेश की राजनीति का सेमीफाइनल माना जा रहा है। बिहार में हो रही राजनीतिक हलचल की गूंज अब यूपी की सियासत तक पहुंच चुकी है। दिलचस्प बात यह है कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बिहार में एक भी उम्मीदवार नहीं उतारा, लेकिन अपनी पूरी राजनीतिक टीम के साथ चुनाव प्रचार में उतर पड़े। दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पिछले दस दिनों में बिहार की जमीन पर तीस से अधिक जनसभाएं और एक रोड शो करके अपनी ताकत का पूरा प्रदर्शन किया। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और यूपी के कई मंत्री व विधायक भी लगातार बिहार में डेरा डाले रहे। यह साफ संकेत है कि बिहार का चुनाव परिणाम 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की दिशा तय करने वाला साबित होगा।

बिहार में पहले चरण के मतदान के दौरान 18 जिलों की 121 सीटों पर औसतन 65.08 प्रतिशत वोटिंग दर्ज हुई। यह आंकड़ा 2020 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले लगभग 7.79 प्रतिशत ज्यादा है, जब मतदान 57.29 प्रतिशत हुआ था। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर करीब 3.70 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। बिहार की कुल 243 सीटों में से लगभग 34 सीटें उत्तर प्रदेश की सीमा से सटी हैं। ये सीटें बिहार के पश्चिमी इलाके जैसे सारण, सीवान, गोपालगंज, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, पश्चिमी चंपारण और रोहतास जिलों में आती हैं, जिनकी सीमाएं यूपी के महाराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बलिया, गाजीपुर, चंदौली और सोनभद्र से लगती हैं। इन इलाकों का रहन-सहन, बोली, खानपान और जातीय समीकरण लगभग एक जैसे हैं। इसलिए बिहार के नतीजों का सीधा असर यूपी की राजनीति पर पड़ना तय माना जा रहा है।

2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन से बड़ा झटका लगा था। भाजपा का ओबीसी और दलित वोट बैंक बिखर गया था। यही कारण है कि योगी आदित्यनाथ ने बिहार में एनडीए के सभी घटक दलों जेडीयू, एलजेपी (रामविलास), हम और आरएलएम के 43 उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया। उनका फोकस बिहार के वोटरों को यूपी के बुलडोजर मॉडल की सफलता दिखाने पर रहा। योगी ने हर सभा में कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी और माफिया खत्म हुए हैं, कानून का राज स्थापित हुआ है और अब बिहार को भी उसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उनका संदेश साफ था कि यूपी का विकास मॉडल बिहार में भी अपनाया जाए। इस प्रचार के पीछे उनकी रणनीति यह थी कि बिहार में एनडीए की जीत से यूपी में भाजपा के लिए सत्ता की हैट्रिक का माहौल बनाया जा सके।

वहीं अखिलेश यादव ने बिहार में बिना प्रत्याशी उतारे प्रचार अभियान को पूरी मजबूती से चलाया। उन्होंने सात दिनों में 28 जनसभाएं कीं और आरजेडी, कांग्रेस, वामदलों और वीआईपी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। अखिलेश अपने भाषणों में केंद्र सरकार और योगी सरकार दोनों पर हमला बोलते दिखे। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति झूठ और नफरत पर आधारित है, लेकिन जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने दावा किया कि यूपी के अवध और अयोध्या में भाजपा को हराने के बाद अब बिहार के मगध में भी भाजपा को हराया जाएगा। बिहार में अखिलेश का यह अभियान सिर्फ महागठबंधन के समर्थन में नहीं था, बल्कि यह उत्तर प्रदेश में अपनी वापसी की पृष्ठभूमि तैयार करने की कोशिश भी थी।

अखिलेश ने बिहार के हर हिस्से में अपने सांसदों और विधायकों को उतार दिया। अफजाल अंसारी, राजीव राय, इकरा हसन, अवधेश प्रसाद, सनातन पांडे, जय प्रकाश अंचल, ओम प्रकाश सिंह और आशु मलिक जैसे नेताओं ने बिहार के अलग-अलग इलाकों में प्रचार की कमान संभाली। अवधेश प्रसाद ने दलित वोटरों को साधने का जिम्मा लिया, जबकि इकरा हसन को सीमांचल की मुस्लिम बहुल सीटों पर भेजा गया। अफजाल अंसारी यूपी सीमा से सटी सीटों पर प्रचार करते रहे। इस रणनीति का मकसद था कि बिहार में मुस्लिम वोटों का बिखराव न हो और ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का असर सीमित रहे। 2020 के चुनाव में ओवैसी ने सीमांचल में पांच सीटें जीतकर सभी को चौंकाया था। इस बार अखिलेश ने उसी इलाके में अपने मुस्लिम चेहरों को उतारकर यह संदेश देने की कोशिश की कि बिहार से उठने वाली मुस्लिम राजनीति यूपी में समाजवादी खेमे से बाहर न जाए। इकरा हसन ने कहा कि अगर वोट बंटे तो भाजपा सत्ता में लौट आएगी और इस बार मुख्यमंत्री की कुर्सी नीतीश कुमार को नहीं, बल्कि भाजपा को मिलेगी। अफजाल अंसारी ने भी ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे वही काम कर रहे हैं जो आरएसएस करती है, मुसलमानों को बांटने का।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार के चुनाव परिणाम का असर यूपी की सियासत पर सीधा पड़ेगा। अगर एनडीए बिहार में जीत दर्ज करता है, तो भाजपा के लिए यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव की राह आसान होगी और उसका मनोबल बढ़ेगा। लेकिन अगर महागठबंधन बिहार में जीतता है, तो इसका लाभ समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को मिलेगा। इससे यूपी में विपक्षी एकजुटता और मजबूत होगी। साथ ही, यह अखिलेश यादव की राजनीति के लिए नया मोड़ साबित होगा क्योंकि वे खुद को अब यूपी के सीमित दायरे से निकालकर राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का नेता साबित करना चाहते हैं।

बिहार में इस बार जनता का उत्साह अभूतपूर्व है। पहले चरण की 65.08 प्रतिशत वोटिंग अपने आप में एक संकेत है कि मतदाता इस बार बदलाव के मूड में हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार इस चुनाव के प्रमुख मुद्दे हैं। 2020 में राजद को 23.11 प्रतिशत वोट मिले थे और भाजपा को 19.46 प्रतिशत। इस बार किसी भी दल का वोट शेयर अभी तक 25 प्रतिशत के पार नहीं गया है, जिससे यह स्पष्ट है कि बिहार में सत्ता की लड़ाई बेहद कड़ी है। ऐसे में बिहार का परिणाम केवल पटना की सत्ता नहीं, बल्कि लखनऊ की राजनीति की दिशा भी तय करेगा।

बिहार और उत्तर प्रदेश के बीच की यह सियासी कड़ी अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो चुकी है। योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव दोनों जानते हैं कि बिहार का यह रण सिर्फ सीटों का नहीं बल्कि भविष्य की सियासत का संदेश देने वाला है। अगर एनडीए की जीत होती है तो योगी का बुलडोजर मॉडल दोबारा यूपी की सियासत में गूंजेगा। लेकिन अगर महागठबंधन सत्ता में लौटता है तो अखिलेश यादव के नेतृत्व में यूपी की विपक्षी राजनीति को नया जोश मिलेगा। इस चुनाव ने साफ कर दिया है कि बिहार अब सिर्फ बिहार नहीं रहा, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के अगले चुनाव की राजनीतिक प्रयोगशाला बन चुका है, जहां से आने वाले सालों की सत्ता की पटकथा लिखी जा रही है।

## वर्ग पहेली नं. 3261

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| ■ | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | 9 | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | 13 | |
| | ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | | 22 |
| ■ | 23 | 24 | | ■ | 25 | ■ | | ■ | |
| 26 | ■ | | ■ | 27 | | | | ■ | |
| 28 | | | | | ■ | ■ | 29 | | |

*बायें से दायें:-* 1) कलहप्रिय व्यक्ति, 3) अकस्मात, 6) चालबाज़ी, 8) कामयाबी, 10) भेजा, 11) उपज, 13) हार, 14) दुर्गंधयुक्त, 15) छूकर खोजना, 16) नाबालिग, 18) हाँ; सही, 19) ठंड, 20) अज्ञात, 23) अनाड़ीपन, 27) विभाग, 28) श्रीबजरंगबली, 29) अफ़वाहबाज़.

*ऊपर से नीचे:-* 2) दायज़ा, 3) रसपूर्ण, 4) स्पष्ट रूप से, 5) फुसलाना, 7) पुप्फुस, 9) एक सदाबहार वृक्ष, 10) चकल्लस, 12) झूलना, 14) हड़कंप, 17) चिपकाना; लादना; ज़िम्मे लगाना, 21) धनाढ्य, 22) मज़ाकिया, 24) वृत्तांत, 25) ईर्ष्यापूर्ण जलन, 26) बददुआ, 27) विचार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नि | र | प | रा | ध | ■ | ब | को | ट | ना |
| ■ | ■ | ड़ | ■ | नी | ल | म | ■ | प | ना |
| सं | धि | वा | त | ■ | ड़ा | ■ | ख़ा | का | ■ |
| बं | ■ | ■ | ल | ल | का | र | ना | ■ | ह |
| ध | म | का | ना | ■ | ■ | ■ | त | स्क | र |
| ■ | ला | ली | ■ | म | ट | की | ला | ■ | द |
| खा | ल | ■ | अ | दा | ■ | ■ | शी | श | म |
| र | ■ | स | म | र | भू | मि | ■ | र्मी | ■ |
| ब | रा | ब | र | ■ | ■ | स | ह | ला | ना |

## सुडोकू-पहेली-3218

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 2 | | | 5 | |
| 3 | | 1 | | | 5 | | | 6 |
| 9 | | | | 7 | | | | |
| 6 | | | | | | 4 | | 8 |
| | 1 | | | 8 | | | 2 | |
| | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 2 | | | 7 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3217 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 2 | 6 | 5 | 7 |
| 4 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 4 | 9 | 1 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 6 | 1 | 7 | 4 |

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाला: हाईकोर्ट के सख्त सवालों से राज्य सरकार और बोर्ड घिरे

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में जोरदार बहस हुई। लगभग 32,000 शिक्षकों की नौकरी के भविष्य पर सवाल उठने के बीच अदालत ने राज्य सरकार और प्राथमिक शिक्षा बोर्ड को तीखे सवालों के कटघरे में खड़ा किया।



राज्य की ओर से एडवोकेट जनरल (एजी) ने अदालत को बताया कि एसबीसी राय कंपनी को केवल प्रिंटिंग और डिजाइन से संबंधित कार्य सौंपा गया था। उनके अनुसार, ऑनलाइन आवेदन, शुल्क संग्रह, दस्तावेज़ों की जांच और जिला-वार सूची तैयार करने की जिम्मेदारी तो कंपनी के पास थी, लेकिन साक्षात्कार (इंटरव्यू) या वाइवा में कंपनी की कोई भूमिका नहीं थी।

इस पर न्यायाधीश ने तुरंत सवाल किया, अगर इंटरव्यू में कोई भूमिका नहीं थी, तो फिर कंपनी को इतनी जिम्मेदारी क्यों दी गई? क्या उन्होंने अटेंडेंस शीट भी तैयार की थी? इस पर एजी ने जवाब दिया कि कंपनी केवल प्रिंटिंग का काम करती थी और सीबीआई की चार्जशीट में भी यह स्पष्ट है।

इसके बाद अदालत ने तीखी टिप्पणी की, तो फिर आपके बोर्ड अध्यक्ष ने शपथपत्र में इन तथ्यों का उल्लेख क्यों नहीं किया?

भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एजी ने कहा, सीबीआई की चार्जशीट के सभी पहलू अदालत के समक्ष सही तरीके से पेश नहीं किए गए हैं। बोर्ड ने चार लोगों को सेवा से हटाया था, जो असफल थे, लेकिन बाद में कहा गया कि वे सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर काम कर रहे थे।

दूसरी ओर, याचिकाकर्ताओं के वकील फिरदौस शमीम ने कहा, चयन सूची में कई असफल उम्मीदवारों के नाम शामिल थे। हमने 94 ऐसे उम्मीदवारों की पहचान की है। सीबीआई और ईडी ने बाद में लगभग 3,000 नामों की सूची सौंपी। नवंबर 2022 में खुद बोर्ड ने स्वीकार किया था कि गलती हुई थी। सवाल यह है कि राज्य सरकार की मंजूरी के बिना एसबीसी राय कंपनी को यह जिम्मेदारी कैसे दी गई?

न्यायाधीश ने कठोर स्वर में टिप्पणी की, पैनल तो प्रकाशित हुआ था, लेकिन अचानक नामों की सूची हटा दी गई। 2016 में जिला-वार पैनल और 2020 में राज्य-वार सूची जारी की गई थी। अब अगर कहा जा रहा है कि पैनल प्रकाशित नहीं हुआ – तो यह दावा कितना सही है?

इस पर एजी ने कहा, पैनल में केवल संशोधन किया गया था, भ्रष्टाचार के आरोप निराधार हैं।

लेकिन अदालत ने टिप्पणी की, सीबीआई की चार्जशीट में तो यह साफ लिखा है कि असफल उम्मीदवारों को सफल दिखाने के लिए एक नकली वेबसाइट तक बनाई गई थी!

मामले की अगली सुनवाई बुधवार दोपहर 2 बजे होगी। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि हाईकोर्ट 32,000 शिक्षकों की नौकरी से जुड़े इस अहम मामले में क्या फैसला सुनाता है।

## भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के 125वें स्थापना वर्ष पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का किया गया सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के 125वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में 3 नवंबर को आयोजित भव्य समारोह में कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सम्मान किया गया। यह समारोह कोलकाता के जेडब्ल्यू मैरियट होटल में इंडियाएट100 : एन एज ऑफ अ न्यू डॉन थीम पर आयोजित किया गया, जिसमें भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के वर्षभर चलने वाले उत्सवों का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

टीम सीडा के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, अनिल सिंह और संयुक्त सचिव अशोक बांका ने ओम बिरला को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके प्रेरणादायी नेतृत्व, संसदीय दृष्टिकोण और भारत के लोकतांत्रिक व आर्थिक ढांचे को सुदृढ़ करने में उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अपने संबोधन में श्री बिरला ने भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा देश के आर्थिक विकास में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और भारतीय व्यापार समुदाय को नवाचार व विकास की दिशा में अग्रणी बताया।



इस अवसर पर देशभर के प्रमुख उद्योगपति, व्यापार प्रतिनिधि और भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में टीम सीडा द्वारा किया गया यह सम्मान समारोह का विशेष आकर्षण बना, जिसने भारतीय व्यापार जगत की एकता, सम्मान और सहयोग की भावना को और सशक्त किया।

### बहरामपुर में खेत से कई सॉकेट बम बरामद, मचा हड़कंप

मुर्शिदाबाद : जिले के बहरामपुर थाना अंतर्गत हातिनगर ग्राम पंचायत के हिकमपुर और जीवननगर के बीच एक खेत से कई ताजा सॉकेट बम बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की सुबह स्थानीय निवासियों ने खेत के बगल के जंगल में कुछ संदिग्ध चीज पड़ी देखी। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो पता चला कि वह एक सॉकेट बम था। इलाके में तुरंत दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने बिना देर किए पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने तुरंत पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और आसपास के लोगों की आवाजाही को नियंत्रित किया। पुलिस ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि इस आबादी वाले इलाके के पास खेत में बम क्यों रखे गए थे।

## एकादश-द्वादश वर्ग के शिक्षक भर्ती में मॉडल उत्तरपत्र में गलती

### बाद में संशोधन करने पर मजबूर हुआ एसएससी

कोलकाता, समाज्ञा

पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) की एक बड़ी चूक सामने आई है। एकादश और द्वादश कक्षा के शिक्षक भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तरपत्र में त्रुटि पाए जाने के बाद आयोग को उसे सुधारना पड़ा।


सूत्रों के अनुसार, दो विषयों के तीन प्रश्नों के उत्तर में एसएससी की ओर से गलती हुई थी। इनमें बंगाली विषय के प्रश्न संख्या 12 और भूगोल विषय के प्रश्न संख्या 6 व 33 के उत्तर गलत दिए गए थे। विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित सही उत्तरों की जगह आयोग ने प्रारंभिक मॉडल उत्तरपत्र में गलत उत्तर प्रकाशित कर दिए थे।

जानकारी के मुताबिक, 20 सितंबर को एसएससी की वेबसाइट पर यह मॉडल उत्तरपत्र अपलोड किया गया था। लेकिन कुछ परीक्षार्थियों और विशेषज्ञों के ध्यान आकर्षित करने के बाद आयोग ने त्रुटियों को स्वीकार किया और एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर संशोधित उत्तरपत्र प्रकाशित किया।

इस घटना के बाद परीक्षार्थियों में एसएससी की पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। आयोग ने हालांकि दावा किया है कि सुधार के बाद सभी उम्मीदवारों का मूल्यांकन सही उत्तरों के आधार पर ही किया जाएगा ताकि किसी को भी नुकसान न हो।

## नित्य सत्संग, सत्कर्म से परम धाम का मार्ग प्रशस्त होता है : परम श्रद्धेय भाईश्री रमेश भाई ओझा

**कोलकाता :** गोविन्द बोलो, गोपाल बोलो, राधारमण हरिगोपाल बोलो ... भक्तिमय वातावरण में परम श्रद्धेय भाईश्री रमेश भाई ओझा ने श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल द्वारा काकुड़गाछी में श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण के प्राकट्य पर अपनी दिव्य, मधुर वाणी में कहा मथुरा में जन्म हुआ,



लेकिन कृष्ण जन्म उत्सव गोकुल में मनाया गया। भाईश्री रमेश भाई ओझा ने श्रीकृष्ण के प्राकट्य पर कहा बाल कृष्ण को साक्षात् पाकर यशोदा मैया – नंद आनंदित हो गये। बाजे – बाजे रे बधाई मैया, तोरे अंगना ... नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की। भाईश्री ने कहा परमात्मा नित्य है, सभी प्राणियों में है, जीवन के प्रत्येक क्षण, कण – कण में है। नित्य सत्संग, सत्कर्म से परम धाम का मार्ग प्रशस्त होता है। वेदान्त के सिद्धांत, दर्शन शास्त्र को पौराणिक कथाओं में प्रस्तुत किया गया है। भाईश्री ने प्रेरक प्रवचन में कहा दूध से घी बनता है लेकिन दूध से दीपक नहीं जलता। घी को प्राप्त करने की विधि है। वेदान्त के घी से बनी जलेबी, लड्डू है श्रीमद्भागवत। मन मन्दिर की पवित्रता जरूरी है। भाईश्री ने कहा कृष्ण भक्तों के भाव, गोपियों के प्रेम से प्रसन्न होते हैं। गोपियों के कृष्ण प्रेम के संदर्भ में कहा गोपियां कृष्ण के कर – कमलों से बांसुरी वादन के लिये व्याकुल हो जाती है। श्रीमद्भागवत कथा, श्रीकृष्ण लीला श्रवण कर श्रोता भक्त का मन आनंदित हो जाता है। धर्मानुरागी, समाजसेवी अशोक – अम्बिका बाजोरिया परिवार, बनवारीलाल सोती, विश्वनाथ सेकसरिया, श्याम सुन्दर अग्रवाल, नरेन्द्र, सुरेन्द्र अग्रवाल, संतोष कुल्थिया, चांद रतन लखानी, एल के बियानी, निर्मल सराफ, विनोद जालान, बसन्त (झबरू) दुजारी, विकास चन्द चांडक, गोवर्धन मूंधड़ा, घनश्याम पुगलिया एवम् पोथी यजमानों ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया तथा सामूहिक आरती में शामिल हुए।

## दुर्गापुर में भाजपा के बीएलए-2 की पिटाई का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिम बर्दवान :** जिले के दुर्गापुर में भाजपा के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) सुकुमार सिंह की पिटाई का आरोप सामने आया है। घायल भाजपा कार्यकर्ता वर्तमान में दुर्गापुर महकमा अस्पताल में भर्ती हैं। भाजपा ने इस हमले के लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार, सुकुमार सिंह दुर्गापुर नगरपालिका के वार्ड 9 के सी. आर. दास एवेन्यू इलाके के निवासी हैं। सोमवार की शाम वे एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण को लेकर एक बीएलओ को फोन कर रहे थे। उसी दौरान, कथित तौर पर कुछ असामाजिक तत्वों ने उन्हें भाजपा करने के अपराध में मारपीट की। घटना के बाद इलाके में तनाव और हड़कंप का माहौल है। घायल कार्यकर्ता से मिलने अस्पताल पहुंचे



भाजपा के सांगठनिक जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर बनर्जी ने तृणमूल पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि यही है तृणमूल की संस्कृति। वे भाजपा कार्यकर्ताओं और बूथ एजेंटों को पीटकर डराने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, तृणमूल के ब्लॉक नंबर-1 के अध्यक्ष राजीव घोष ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि इस घटना से तृणमूल का कोई संबंध नहीं है। ऐसी कोई घटना हुई ही नहीं। पुलिस ने फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपों की सत्यता की पुष्टि की जा रही है।

## बांकुड़ा में बकरी चराने गई नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

**बांकुड़ा :** बकरी चराने गई एक नाबालिग लड़की के साथ सोमवार को सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने जांच के बाद तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के नाम सुब्रत सोरेन, श्रीकांत मंडी और लक्ष्मीकांत हेम्ब्रम हैं। स्थानीय लोगों ने आरोपितों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम इस क्रूर घटना से स्तब्ध हैं। प्रशासन से हमारी मांग है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। हालांकि, पुलिस ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिग लड़की सोमवार की शाम



बांकुड़ा जिले के एक गांव के खेत में बकरी चराने गई थी। उसी दौरान तीन युवक उसे जबरन पास के जंगल में ले गए। वहां नाबालिग लड़की से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद, पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपित भाग गए। नाबालिग लड़की को घायल अवस्था में बचाया गया और पहले स्थानीय ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, बाद में, उसे बांकुड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और घटना के कुछ ही देर बाद तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ शुरू हो गई है। ज़िले के एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता की शारीरिक और मानसिक स्थिति की जांच की जा रही है। जल्द ही चार्जशीट दाखिल करके कड़ी सज़ा सुनिश्चित की जाएगी।

## पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दिल्ली में सौंपे 3,91,912 जनहस्ताक्षर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डब्ल्यूबीपीसीसी) की ओर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार के निर्देश पर मंगलवार को राज्यभर से एकत्र किए गए 3,91,912 जनहस्ताक्षर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) के मुख्यालय इंदिरा भवन, नई दिल्ली में सौंपे गए। कांग्रेस प्रतिनिधि ने ये हस्ताक्षर एआईसीसी संगठन सचिव नेट्टा डी'सूजा और एआईसीसी सचिव मनीष छतरथ को औपचारिक रूप से सौंपे। यह जनहस्ताक्षर अभियान पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में बड़े स्तर पर चलाया गया था, जिसका उद्देश्य जनता की आवाज को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना था।



## मालदह रेलवे अस्पताल में महिलाओं की स्वास्थ्य समस्या पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

**मालदह :** मालदह के डिवीजनल रेलवे अस्पताल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से मूत्र नियंत्रण की समस्या विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे लाभार्थियों को इस सामान्य लेकिन प्रायः उपेक्षित समस्या के कारणों, रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में मालदह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेश चंद्र मंडल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मूत्र असंयम के लक्षण, कारण, जोखिम कारक, निदान और प्रबंधन के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह समस्या विशेषकर महिलाओं



में जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। डॉ. मंडल ने जीवनशैली में सुधार, मधुमेह, धूम्रपान और प्रसव से जुड़े जोखिमों को नियंत्रित करने की सलाह दी। उन्होंने शल्य और गैर-शल्य दोनों उपचार विधियों, विशेषकर प्लेटलेट रिच प्लाज्मा थेरेपी, की प्रभावशीलता पर भी प्रकाश डाला। सेमिनार में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, महिला कर्मचारी और रोगियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह आयोजन जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### जावा-येज्दी मोटरसाइकिल्स अब अमेजन पर लाइव, 40 शहरों में ऑनलाइन बिक्री की शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** जावा-येज्दी मोटरसाइकिल्स ने ई-कॉमर्स जगत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए अब अमेजन पर भी अपनी बाइक्स की बिक्री शुरू कर दी है। पिछले वर्ष फ्लिपकार्ट पर क्लासिक हाई-परफॉर्मेंस मोटरसाइकिलों की ऑनलाइन बिक्री शुरू करने के बाद, कंपनी अब 40 शहरों में लाइव है और त्योहारी सीजन में इसे 100 शहरों तक विस्तार देने की योजना बना रही है। क्लासिक लेजेंड्स के मुख्य व्यवसाय अधिकारी शरद अग्रवाल ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य मोटरसाइकिल खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाना है। उन्होंने बताया कि आज के युवा उपभोक्ता यात्रा और कार ऑनलाइन बुक कर सकते हैं, तो मोटरसाइकिल खरीदना भी अब उतना ही आसान होना चाहिए। जावा-येज्दी का नेटवर्क देशभर में 450 से अधिक टचप्वाइंट्स तक फैल चुका है।

## हावड़ा में आयोजित संगीतमय भजन संध्या में गूंजे श्रीकृष्ण भक्ति के स्वर



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लक्ष्मी विलास गार्डन में वृन्दावन चन्द्रोदय मंदिर के अनुपम महा प्रभु के आगमन पर एक भव्य संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक अगम अग्रवाल ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से समूचे वातावरण को श्याममय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अजीत दूबे, रामाअनुज सिंह, वेदप्रकाश तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर परशुराम सेना पश्चिम बंगाल प्रदेश के पदाधिकारीगण – संतोष तिवारी, बी.एन. पाठक, सुशील पांडेय, गंगासागर तिवारी, नीरज शुक्ला, कैलाश उपाध्याय, शोलेश तिवारी, राकेश गुप्ता व परशुराम सेना पश्चिम बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सुनील शुक्ल ने अनुपम महा प्रभु का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर अनुपम महा प्रभु ने अपने आशीर्वचन में भगवद गीता सार पर प्रकाश डालते हुए विश्व के सबसे ऊंचे चन्द्रोदय मंदिर के निर्माण व उद्देश्य की जानकारी दी।

## द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता में प्रसिद्ध लेखक अमीश त्रिपाठी ने लॉन्च की अपनी नई पुस्तक द चोला टाइगर्स: अवेंजेर्स ऑफ सोमनाथ

**कोलकाता, समाज्ञा :** द हेरिटेज स्कूल, कोलकाता में सोमवार को प्रसिद्ध लेखक, राजनयिक और सांस्कृतिक चिंतक अमीश त्रिपाठी ने अपनी नई पुस्तक द चोला टाइगर्स: अवेंजेर्स ऑफ सोमनाथ का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और साहित्य प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अमीश त्रिपाठी ने भारतीय सभ्यता की समृद्ध विरासत, संस्कृति से जुड़ाव और इतिहास की आधुनिक पहचान के निर्माण में उसकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, इतिहास केवल अतीत नहीं है, यह हमारी सभ्यता की स्मृति है। जब हम अपनी कहानियां गर्व से कहते हैं, तब हम एक सशक्त भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए पौराणिक कथाओं, चरित्र निर्माण और अपने लेखन की



शोध प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की।

विद्यालय की प्राचार्या सीमा सपारू ने कहा कि अमीश त्रिपाठी का आगमन विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उनकी प्रेरक बातों ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा, आत्मचिंतन और अपनी जड़ों से जुड़ाव की भावना को प्रबल किया। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि हेरिटेज सदैव ऐसा शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां विचार और प्रेरणा का संगम होता है। अमीश त्रिपाठी की उपस्थिति और उनकी नई पुस्तक का विमोचन इस दिशा में एक प्रेरणादायक क्षण रहा। कार्यक्रम का समापन पुस्तक हस्ताक्षर सत्र और विचार-विमर्श के साथ हुआ, जिससे विद्यार्थियों में भारतीय सांस्कृतिक कथाओं के प्रति नई रुचि जागृत हुई।

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 ने तय की फैशन की नई दिशा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर एक बार फिर लौट आया है, जो इस वर्ष 'द वन एंड ओनली' थीम के साथ फैशन, संस्कृति और क्रिएटिविटी को एक नए रूप में पेश कर रहा है। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से यह टूर 'फैशन'स नेक्स्ट मूव' की दिशा तय करेगा। इस बार टूर की शुरुआत गुरुग्राम से हुई, जहां डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक ने 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' थीम के तहत एक इमर्सिव टेक-कूचर अनुभव प्रस्तुत किया, जिसमें अभिनेता शाहिद कपूर और तमन्ना भाटिया ने भाग लिया। फिनाले कोलकाता में डिजाइनर अनामिका खन्ना और ईशान खट्टर की प्रस्तुति 'ब्रेकिंग द मोल्ड्स ऑफ फैशन क्राफ्ट' के तहत पारंपरिक कारीगरी और आधुनिकता के संगम को प्रदर्शित करेगा। पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ डेबाश्री दासगुप्ता ने कहा कि यह मंच भारतीय फैशन के विकास में नए मापदंड स्थापित कर रहा है, जबकि एफडीसीआई के चेयरमैन सुनील सेठी ने इसे फैशन के भविष्य की रफ्तार तय करने वाला कदम बताया।

### नेताजी नगर केस में आरोपी संजू अधिकारी की निशानदेही पर बरामद हुई स्कूटी

**कोलकाता :** नेताजी नगर थाने में दर्ज केस के संबंध में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस मामले में आरोपी संजू अधिकारी (22) को पहले ही एंटी स्नैचिंग सेक्शन/डीडी की टीम ने परनश्री थाने के केस के तहत गिरफ्तार किया था।पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी संजू अधिकारी ने अपने बयान में अपराध से जुड़ी अहम जानकारी दी। उसकी निशानदेही पर एक यामाहा फॅसिनो स्कूटी (नंबर डब्ल्यूबी 20 एआर 5928), जो उक्त मामले का मुख्य सबूत माना जा रहा है, उसके कब्जे से बरामद की गई। फिलहाल जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस मामले में और कौन-कौन शामिल है।

## पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे बढ़ाई सतर्कता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरे नेटवर्क में 24*7 निगरानी और सुरक्षा उपायों को और अधिक सख्त कर दिया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रहा है ताकि यात्रियों और रेलवे परिसरों में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर को हुई कार विस्फोट की घटना के बाद पूर्व रेलवे ने अपने सभी क्षेत्रों में एंटी-सबोटाज जांच और सुरक्षा निरीक्षण को तेज कर दिया है। आरपीएफ की टीमें, डॉग स्क्वॉड की सहायता से ट्रेनों, प्लेटफॉर्मों, प्रतीक्षालयों, पार्सल कार्यालयों और सर्कुलेटिंग एरियाज में



दिन-रात जांच अभियान चला रही हैं। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सहयोग से ये अभियान हावड़ा, सियालदह, वर्दवान, कोलकाता टर्मिनल, मालदह टाउन, आसनसोल और भागलपुर सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर जारी हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी सुरक्षा चूक को रोका जा सके। पूर्व रेलवे ने कहा है कि वह निरंतर सतर्कता, सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से यात्रियों का विश्वास बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे ने यात्रियों से भी अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा कर्मियों को दें।

### यात्रियों की सुरक्षा और सेवा में अग्रणी बना दक्षिण पूर्व रेलवे का रेलवे सुरक्षा बल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे का आरपीएफ न केवल रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि रेलवे संपत्ति और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में भी अहम भूमिका निभा रहा है। यात्रियों की सुरक्षा, सहायता और जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ द्वारा कई प्रभावी अभियानों को अंजाम दिया जा रहा है, जिनमें ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते, ऑपरेशन आहट, मिशन जीवन रक्षा, ऑपरेशन अमानत और ऑपरेशन एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग शामिल हैं। इन अभियानों के माध्यम से यात्रियों की सहायता और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की गई हैं। ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत अक्टूबर 2025 में आरपीएफ ने विभिन्न ट्रेनों और स्टेशनों से 72 नाबालिग बालक और 29 नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित बचाया तथा उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन या उनके परिजनों को सौंपा। वहीं, ऑपरेशन आहट, जो मानव तस्करी के विरुद्ध एक राष्ट्रीय अभियान है, के अंतर्गत आरपीएफ ने 33 नाबालिग बालक, 1 नाबालिग बालिका और 7 वयस्क पुरुषों को तस्करों से मुक्त कराया और 12 तस्करों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, मिशन जीवन रक्षा के अंतर्गत आरपीएफ कर्मियों ने अपनी त्वरित और साहसिक कार्रवाई से 2 पुरुष और 3 महिला यात्रियों की जान बचाई। इन अभियानों के सफल संचालन ने रेलवे सुरक्षा बल की संवेदनशीलता, तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण को उजागर किया है।

## जादवपुर विश्वविद्यालय सुरक्षा मामले में रिपोर्ट दाखिल

**कोलकाता :** जादवपुर विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट कलकत्ता हाईकोर्ट में प्रस्तुत की। राज्य की ओर से अदालत को बताया गया कि सीसीटीवी कैमरे और अन्य आवश्यक सुरक्षा अवसंरचना बढ़ाने के लिए पहले ही वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। हालांकि, कुछ बकाया राशि जारी करने के लिए अभी उच्चस्तरीय मंज़ूरी की आवश्यकता है। अदालत ने निर्देश दिया है कि विश्वविद्यालय को अगली सुनवाई से पहले विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। मामले की अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी।

पिछले कुछ वर्षों में जादवपुर विश्वविद्यालय में कई अप्रिय घटनाएं घट चुकी हैं, जिनसे छात्रों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। इसी




वर्ष मार्च महीने में विश्वविद्यालय में हुई वेबकूपर बैठक के दौरान भारी हंगामा हुआ था। इस दौरान शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु और कुलपति पर हमले की घटना सामने आई थी। आरोप है कि छात्रों के विरोध प्रदर्शन में मंत्री और कुलपति घायल हुए थे, साथ ही दो छात्र नेता भी घायल हुए थे।

इन घटनाओं के बाद मामला अदालत तक पहुंचा। मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच के समक्ष याचिका में आरोप लगाया गया कि विश्वविद्यालय में बार-बार अशांति की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी पृष्ठभूमि में अदालत ने राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन को संयुक्त बैठक कर सुरक्षा रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया था।

अदालत ने मंगलवार को कहा कि इस रिपोर्ट की प्रति सभी पक्षों को दी जाए और वे अपनी आपत्तियां अगली सुनवाई में प्रस्तुत करें। साथ ही अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य से प्राप्त वित्तीय सहायता मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन कौन-कौन से कदम उठाता है, उसका विस्तृत ब्यौरा भी अगली सुनवाई में दाखिल किया जाए। अब सबकी निगाहें 18 नवंबर की सुनवाई पर टिकी हैं, जब विश्वविद्यालय प्रशासन की अंतिम रिपोर्ट अदालत के समक्ष रखी जाएगी।

# तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या मामले में 8 वाम समर्थकों को उम्रकैद

**❑ अदालत ने मृतक की पत्नी को वित्तीय सहायता देने का दिया आदेश**

**हुगली, समाज्ञा :** पंद्रह साल पहले अपने बेटे की उच्च माध्यमिक परीक्षा के दिन तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता क्षुदिराम हेमब्रम (40) की बेरहमी से हत्या की गई थी। उस चर्चित हत्याकांड में मंगलवार को चूचूड़ा अदालत ने आठ वामपंथी कार्यकर्ताओं को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा और आर्थिक जुर्माना सुनाया। चूचूड़ा अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार



शर्मा ने यह फैसला सुनाया। सजा पाने वाले अभियुक्त लालू हांसदा, लक्ष्मीराम बास्के, लक्ष्मीनारायण सोरेन, नमा टुडू, सिद्धेश्वर मालिक, सनातन मालिक, रवि बास्के और गणेश मालिक हैं। मुकदमे की प्रक्रिया के दौरान दो आरोपियों अमर रुइदास और नेपाल मालिक की मृत्यु हो गई। सरकारी अधिवक्ता चंडी बंद्योपाध्याय ने कहा कि लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार परिवार को न्याय मिला है। क्षुदिराम की जिस नृशंस तरीके से हत्या की गई थी, अदालत ने उसका जवाब दिया है। उन्होंने बताया कि जांच अधिकारी ने समय पर चार्जशीट दाखिल की थी, जिससे कोई भी आरोपी बच नहीं पाया। अदालत ने मृतक की पत्नी को 5 लाख रुपये का मुआवजा डालसा के माध्यम से देने का आदेश दिया है। हुगली के पुलिस अधीक्षक कमनाशीस सेन ने कहा कि अदालत के इस फैसले से जनता का कानून और पुलिस प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है। अभियुक्तों की सजा सुनाये जाने पर पीड़ित परिवार ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोषा था। आज उन्हें न्याय मिला।

## दिल्ली धमाके के बाद हुगली में बढ़ाई गई सुरक्षा, पुलिस ने चलाया गहन तलाशी अभियान

**हुगली, समाज्ञा :** देश की राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास हुए ब्लास्ट के बाद पूरे देशभर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस अलर्ट का असर हुगली जिले में भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट और ग्रामीण पुलिस प्रशासन की ओर से जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जगह-जगह नाका चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह कदम इसीलिए उठाया गया है ताकि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या अपराधी अपने नापाक मंसूबों को अंजाम न दे सके और जिले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। अलर्ट के मद्देनजर हावड़ा-हुगली की सीमा पर पुलिस ने नाका



चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। सीमा पर गुजरने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है और संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, होटल और रेस्तरां जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों पर पुलिस की पैनी नजर गड़ी है। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते के साथ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया गया है ताकि कोई भी चरमपंथी तत्व अपने नापाक इरादों में सफल न हो सके।

## खेलने निकला मासूम लापता, तीन दिन बाद मिला शव



**हुगली, समाज्ञा :** खेलने के लिए घर से निकला साढ़े तीन साल का नाबालिग अचानक लापता हो गया था। तीन दिनों तक चलती रही तलाश के बाद मंगलवार की सुबह उसका शव एक खाल (नाला) से बरामद किया गया। बच्चे के सिर पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृत नाबालिग का नाम ऋषि जॉयसारा बताया गया है। वह हुगली जिले के उत्तरपाड़ा नगरपालिका के वार्ड 18 का निवासी था। रविवार की शाम वह अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। साथियों के अनुसार, उसका पैर फिसल गया और वह खाल में गिर गया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और आपदा प्रबंधन दल ने तलाशी शुरू की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। तीन दिन की लगातार खोजबीन के बाद मंगलवार की सुबह बच्चे को अचेत अवस्था में पाया गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे के सिर पर स्पष्ट रूप से चोट के निशान पाए गए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने उस खाल के चारों ओर बैरिकेड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। फिलहाल पुलिस ने अस्वाभाविक मृत्यु का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जो ठाने वह करके दिखाएं विद्यार्थी : राज्यपाल बोस



**बांकुड़ा :** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मंगलवार को विद्यार्थियों से अपने जीवन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए निर्णायक कदम उठाने का आह्वान किया। राज्यपाल बोस ने बांकुड़ा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत का भाग्य कक्षाओं में आकार ले रहा है। बोस ने भाषण में कहा कि शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें यह सिखाते हैं कि उस लक्ष्य तक कैसे पहुंचा जाए। लक्ष्य और उस तक पहुंचना दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। राज्यपाल ने भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षा वह है जो स्कूल में सीखी गई बातों को भूल जाने के बाद भी बची रहती है। उन्होंने औपचारिक शिक्षा से परे ज्ञान के मूल्य को रेखांकित किया।

**❑ राज्यपाल ने दिल्ली विस्फोट को बताया दुखद**

राज्यपाल बोस ने दिल्ली में हुए विस्फोट की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। मंगलवार को उन्होंने इसे अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि ऐसे समय में शिक्षा के माध्यम से मानवीय मूल्यों का निर्माण और अधिक आवश्यक है।

### बांकुड़ा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विवाद, सांसद अरूप चक्रवर्ती ने बीच में ही छोड़ा कार्यक्रम



बांकुड़ा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उस समय विवाद खड़ा हो गया जब विश्वविद्यालय के भूमिदाता और बांकुड़ा के सांसद अरूप चक्रवर्ती का नाम मंच से नहीं लिया गया। इस घटना से नाराज होकर सांसद ने कार्यक्रम के बीच में ही सभागार छोड़ दिया। उनके साथ जिला परिषद की सभाधिपति अनुसूया राय भी विरोधस्वरूप बाहर निकल गईं। मंगलवार को आयोजित इस दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के आचार्य एवं राज्यपाल सीवी आनंद बोस उपस्थित थे। छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह के दौरान अरूप चक्रवर्ती का नाम का एक बार भी उल्लेख नहीं किया गया, जिससे नाराज होकर उन्होंने कहा कि मैंने विश्वविद्यालय के लिए जमीन दान की थी लेकिन आज के इस कार्यक्रम में उस योगदान का एक बार भी जिक्र नहीं हुआ। यह केवल अपमान नहीं, बल्कि अकृतज्ञता का परिचय है। कार्यक्रम के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन पूरे परिसर में इस घटना को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## एसआईआर के दहशत से कुमारगंज में बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**दक्षिण दिनाजपुर :** जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र में सोमवार की रात 65 वर्षीय उस्मान मोल्ला उर्फ उस्मान मंडल ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक कुमारगंज थाना क्षेत्र के रामकृष्ण ग्राम पंचायत के आगाछा इलाके का निवासी था। परिजनों ने बताया कि सोमवार की देर रात सभी के सो जाने के बाद उन्होंने घर के पास स्थित बागान में जाकर गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की सुबह परिजनों ने शव को झूलता देखा और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कुमारगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बालुरघाट जिला अस्पताल



भेज दिया है। परिवार का आरोप है कि उस्मान मोल्ला बीते कुछ दिनों से नागरिकता प्रमाणपत्र और पहचान से जुड़ी गड़बड़ियों को लेकर मानसिक रूप से परेशान थे। उनके मतदाता कार्ड और मतदाता सूची में अलग-अलग उपनाम मोल्ला और मंडल दर्ज थे, जिसे लेकर वे असमंजस और भय में थे। घटना के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो गए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बीएलओ की जगह भसुर बांट रहा था फॉर्म, चुनाव आयोग ने मांगा जवाब

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के नंदीग्राम-1 ब्लॉक के शमसाबाद ग्राम पंचायत क्षेत्र के बूथ संख्या 203 की बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) संजीता प्रमाणिक पर गंभीर आरोप लगे हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची से संबंधित एन्यूमिरेशन फॉर्म भसुर (पति के बड़े भाई) के माध्यम से वितरित करवाए। इस शिकायत के बाद ब्लॉक प्रशासन ने उन्हें तलब कर स्पष्टीकरण मांगा है।

ब्लॉक प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, सांचिता प्रमाणिक ने अपनी ओर से लिखित जवाब जमा कर दिया है, हालांकि उन्होंने सभी आरोपों से इनकार किया है। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद उनसे जवाब-तलब किया गया था। नंदीग्राम-1 के बीडीओ नाजीरुद्दीन सरकार ने कहा कि बीएलओ के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है। उन्हें लिखित जवाब देने के लिए कहा गया है। पूरा मामला प्रशासन की नजर में है। सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्र में पर्याप्त सरकारी कर्मचारी उपलब्ध न होने के कारण आंगनवाड़ी कर्मी संजीता को बीएलओ की जिम्मेदारी दी गई थी। भाजपा ने आरोप लगाया है कि संजीता प्रमाणिक की जगह उनके भसुर समर प्रमाणिक फॉर्म वितरण का कार्य कर रहे हैं। समर प्रमाणिक शमसाबाद ग्राम पंचायत के तृणमूल कांग्रेस के पूर्व उप-प्रधान रह चुके हैं। हाल ही में, नंदीग्राम से एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें समर प्रमाणिक और पंचायत प्रमुख अब्दुल मन्नान को रात में फॉर्म बांटते हुए देखा गया। हालांकि, इस वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं की जा सकी है। भाजपा ने इस संदर्भ में नंदीग्राम-1 बीडीओ को औपचारिक शिकायत दी है।

शिकायत के बाद ब्लॉक प्रशासन ने संजीता प्रमाणिक, उनके सुपरवाइज़र और समर प्रमाणिक को तलब किया। प्रशासन ने बताया कि जांच जारी है और रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### बीजेपी युवा नेता पर पत्नी का गंभीर आरोप...

## 'कई महिलाओं से संबंध, विरोध करने पर मारपीट और धमकी'

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सदर क्षेत्र में बीजेपी युवा मोर्चा के एक नेता पर पत्नी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि नेता के कई महिलाओं के साथ विवाहेतर संबंध हैं, और जब पत्नी ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई तथा ससुर को भी धमकाया गया। जानकारी के अनुसार, आरोपी शिवपुर निवासी बीजेपी नेता संजय चक्रवर्ती ने सालप निवासी पूजा से विवाह किया था। पत्नी पूजा का कहना है कि शादी के बाद उन्हें पति के कई संबंधों की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि 2020 के दौरान संजय का एक महिला से संबंध बना, बाद में वह एक सरकारी बैंक में कार्यरत दूसरी महिला से भी जुड़



गए। आरोप है कि इन्हीं कारणों से संजय पत्नी पर म्यूचुअल डिवोर्स का दबाव बना रहे थे। पूजा ने अपने 10 वर्षीय बेटे के साथ मायके में शरण ली और 8 नवंबर को शिवपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। संजय ने हालांकि सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि तलाक का केस पहले से दायर है और पत्नी केवल पैसे ऐंठने के लिए नाटक कर रही है।



दिल्ली धमाके के बाद हाई अलर्ट, कोलकाता एयरपोर्ट पर यात्रियों की गहन तलाशी करते सीआरपीएफ के जवान

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिमलगढ़ स्टेशन का पुनर्विकास




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना देशभर के रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, स्वच्छ और यात्री-मैत्रीपूर्ण बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस योजना का उद्देश्य यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना, स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना और स्टेशनों को बहु-मोडल शहरी गतिशीलता केंद्रों के रूप में विकसित करना है। दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत कुल 72 स्टेशनों का विकास इस योजना के तहत किया जा रहा है, जिनमें से ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थित बिमलगढ़ स्टेशन भी शामिल है। यह स्टेशन चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत आता है और यात्री व माल परिवहन-दोनों दृष्टियों से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। लगभग 9.84 करोड़ की लागत से हो रहे इस पुनर्विकास कार्य में नया स्टेशन भवन, आकर्षक फसाड, विस्तारित परिसंचरण क्षेत्र जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। यह परियोजना न केवल रेलवे के आधुनिकीकरण का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

## मोयना में भाजपा का प्रदर्शन, 'लक्ष्मी भंडार' योजना की राशि भुगतान की मांग

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के मोयना ब्लॉक क्षेत्र में पिछले तीन महीनों से लगभग 12 हजार महिलाओं की 'लक्ष्मी भंडार' योजना की राशि बंद पड़ी है। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को भाजपा की ओर से मोयना बीडीओ कार्यालय में ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके चलते कार्यालय परिसर और आसपास के इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल की तैनाती की। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि राजनीतिक मतभेद और पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण गरीब महिलाओं को योजना की राशि से वंचित किया जा रहा है। स्थानीय भाजपा नेताओं ने बताया कि दो ग्राम पंचायतें बकचा और गोजिना, जो



भाजपा के दखल में हैं, वहां की महिलाओं को तीन माह से राशि नहीं मिली है। उनका कहना है कि पंचायत स्तर पर राजनीतिक भेदभाव हो रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को इस मुद्दे पर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई थी और बीडीओ कार्यालय को ज्ञापन देने की घोषणा की थी। उसी क्रम में, इस दिन, बीडीओ कार्यालय में प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इधर, मयना पंचायत समिति के तृणमूल सभापति शाहजहां अली ने बताया कि बीडीओ कार्यालय को इस संबंध में आधिकारिक पत्र भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान हो जाएगा और सभी लाभार्थियों को लक्ष्मी भंडार की राशि प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बकचा और गोजिना ग्राम पंचायतों समेत कुछ अन्य क्षेत्रों में भी भुगतान में तकनीकी अड़चनें आई हैं, जिन्हें दूर किया जा रहा है। एक हफ्ते के भीतर सभी महिलाओं के बैंक खातों में लक्ष्मी भंडार की राशि पहुंच जाएगी। भाजपा ने मंगलवार को मयना बीडीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

## पार्क स्ट्रीट में ससुर पर बहू से दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

### आरोपी को 18 नवंबर तक पुलिस हिरासत

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के पार्क स्ट्रीट थाना इलाके में एक ससुर पर अपनी बहू से दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। आरोप है कि जब घर पर कोई नहीं था तब आरोपी ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को जब उसे अदालत में पेश किया गया, तो न्यायाधीश ने पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। घटना वाले दिन, उसके ससुर ने घर पर किसी के न होने का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पार्क स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को मंगलवार को बैंकशाल अदालत में पेश किया गया। अदालत में आरोपी के वकील अरुण भगत ने जमानत के लिए आवेदन किया। सरकारी वकील ने आरोपी की जमानत का विरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के लिए मेडिकल जांच जरूरी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी को 18 नवंबर तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। मेडिकल जांच भी कराई जाएगी। जांचकर्ता सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं।

## केशपुर कॉलेज में वेतन संकट, शिक्षकों का धरना प्रदर्शन

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के केशपुर कॉलेज में इन दिनों गंभीर प्रशासनिक एवं वित्तीय संकट गहराने लगा है। बीते महीने का वेतन न मिलने से नाराज़ शिक्षकों ने मंगलवार सुबह कॉलेज परिसर में धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया। भूगोल विभाग की एक प्राध्यापिका ने बताया कि दुर्गा पूजा अवकाश के बाद से ही कॉलेज में शैक्षणिक गतिविधियों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। छात्रों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए अटेंडेंस रजिस्टर तक उपलब्ध नहीं हैं, वहीं कक्षाओं में चॉक-डस्टर जैसी बुनियादी सामग्री की भी कमी बनी हुई है। इसके साथ ही, पिछले महीने का वेतन अब तक नहीं मिलने से शिक्षकों में गहरा असंतोष व्याप्त है। शिक्षक वर्ग का आरोप है कि कॉलेज



प्रशासन और संबंधित विभाग को बार-बार सूचित करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिसके कारण कॉलेज में पढ़ाई लगभग ठप पड़ गई है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कॉलेज में लंबे समय से आर्थिक और प्रशासनिक गड़बड़ियां चल रही हैं, जिससे गैर-शिक्षक कर्मचारी भी असंतुष्ट हैं।

हाल ही में नियुक्त कार्यवाहक प्राचार्य ने भी कॉलेज की वित्तीय स्थिति को लेकर गंभीर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कॉलेज के पास नकद राशि (कैश इन हैंड) न होने के कारण उन्हें कई बार शिक्षकों एवं छात्रों के आवश्यक सामान -जैसे उपस्थिति रजिस्टर और मार्कशीट -अपनी निजी राशि से खरीदने पड़े। उन्होंने बताया कि अक्टूबर महीने का वेतन अब तक बकाया है, और नवंबर माह का भुगतान भी अनिश्चित है। उनका कहना है कि कॉलेज के बैंक खाते से धन निकासी के लिए बैंक ऑपरेटर एवं डी.डी.ओ. (ड्रॉइंग एंड डिसबर्सिंग ऑफिसर) का परिवर्तन आवश्यक है, किंतु गवर्निंग बॉडी की बैठक एस.आई.आर. कार्य के बहाने लगातार टाली जा रही है।

प्राचार्य ने बताया कि इस स्थिति की जानकारी डी.पी.आई., विश्वविद्यालय के कुलपति, आई.सी., जिलाधिकारी एवं शिक्षा विभाग जैसे उच्च अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि उच्च प्रशासन की चुप्पी और बढ़ती प्रशासनिक जटिलताओं के कारण कॉलेज का दैनिक संचालन लगभग असंभव है। फिलहाल शिक्षकों ने एक दिन के लिए कक्षाएं बंद रखकर विरोध जताया। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



## हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उसके बेटे को धोखाधड़ी मामले में राहत मिली

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कथित धोखाधड़ी के एक मामले में हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उसके बेटे अनोश हबीब को राहत देते हुए पुलिस को जांच पूरी होने तक उन्हें परेशान नहीं करने का निर्देश दिया है। अदालत ने वर्ष 2014 में अरनेश कुमार बनाम बिहार सरकार के मामले में उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों के मुताबिक गिरफ्तारी की प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। अरनेश कुमार के मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि सात वर्ष तक के कारावास वाले दंडनीय अपराधों के लिए गिरफ्तारी करने से पूर्व पुलिस के लिए सीआरपीसी की धारा 41 के तहत निर्धारित मानक का अनुपालन करना आवश्यक है और उसे किसी भी गिरफ्तारी के लिए मजिस्ट्रेट को लिखित जांच सूची उपलब्ध कराना होगा।

## सिर तन से जुदा नारा लगाने के आरोपियों को राहत देने से इनकार

**प्रयागराज:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कानपुर में आई लव मोहम्मद की घटना के समर्थन में बरेली में एक जुलूस के दौरान सिर तन से जुदा करने संबंधी नारा लगाने वाले आरोपियों को राहत देने से इनकार कर दिया है। इस घटना के बाद पुलिस ने बरेली जिले के थाना कैंट में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले में प्राथमिकी रद्द करने के लिए गौहर खान और शकीब जमाल की रिट याचिका सोमवार को खारिज कर दी। इस याचिका में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का पुलिस को निर्देश देने का भी अदालत से अनुरोध किया गया था। तथ्यों के मुताबिक, कानपुर में 'आई लव मोहम्मद' के मामले में पुलिस की कार्रवाई के विरोधस्वरूप बरेली में 26 सितंबर को एक जुलूस का आयोजन किया गया था, जिसमें उक्त नारा लगाया गया था।

## राजस्थान में कई जगह शीतलहर चलने की चेतावनी

**जयपुर:** राजस्थान में सर्दी ने जोर पकड़ लिया है और मौसम विभाग ने तापमान में और गिरावट होने तथा कई इलाकों में शीतलहर चलने की चेतावनी दी है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, राज्य में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा तथा न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट होगी। इससे राज्य में आगामी दो दिन 11 एवं 12 नवम्बर को टोंक जिले के साथ ही सीकर जिले में अगले पांच दिन तक शीतलहर चलने की संभावना है। वहीं सोमवार रात फतेहपुर (सीकर) में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

## भाजपा सरकार ने जनता का विश्वास खोया: पायलट

**जयपुर :** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार अपने दो साल के कार्यकाल में ही जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और सरकार में कई सत्ता केंद्र हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार कौन चला रहा है। अजमेर में पत्रकारों से बातचीत में पायलट ने कहा कि मुख्य सचिव सुधांश पंत को अचानक दिल्ली भेजा जाना नौकरशाही और नेताओं के बीच गहरी खींचतान को दर्शाता है। उन्होंने कहा, यहां पता नहीं कौन सरकार चला रहा है। कई सारे सत्ता के केंद्र बने हुए है। इस सरकार ने दो साल में जनता को पूरी तरीके से निराश किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और निर्माण के काम ठप हैं इसलिए इस सरकार ने दो साल में बहुत जल्दी अपना विश्वास खो दिया है। अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव पर टिप्पणी करते हुए पायलट ने कहा कि कांग्रेस ने प्रभावी ढंग से प्रचार किया और जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी के प्रयास अच्छे रहे। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी को जीत मिलेगी। हमारी पार्टी ने पूरी ताकत लगाई। तमाम सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के बावजूद भी हमारी पार्टी जीतेगी।' पूर्व उप-मुख्यमंत्री ने दिल्ली में विस्फोट की घटना की निंदा करते हुए इसे भयावह और निंदनीय बताया।

# मुगलकाल, ब्रिटिश सरकार ने भारत की एकता को छिन्न-भिन्न कर दिया: योगी आदित्यनाथ

**बाराबंकी (उत्तर प्रदेश):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि मुगल काल और ब्रिटिश राज ने भारत की एकता को भिन्न-भिन्न कर दिया। आदित्यनाथ भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता यात्रा की शुरुआत में भाग लेने के लिए बाराबंकी आए थे। बाराबंकी जिले में एक समारोह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, अंग्रेज नहीं चाहते थे कि भारत एकजुट रहे। उन्होंने भारत को विभाजित करने की साजिश रची। उन्होंने कहा, मुगल काल और ब्रिटिश राज ने एकता को छिन्न-भिन्न कर दिया। लाखों वर्षों से एकजुट रहा भारत, ब्रिटिश काल में एक-एक करके टुकड़ों में बंट गया। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण विभाजन 14 अगस्त,



1947 को हुआ, जब अंग्रेजों ने भारत के दो हिस्से करके बड़ी चोट पहुंचाई। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों की मंशा भारत को कई टुकड़ों में बांटने की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रिटिश सरकार ने घोषणा की थी कि वह भारत को आजाद करेगी, लेकिन इसे दो भागों में बांट देगी। रियासतों को उनकी इच्छानुसार भारत या पाकिस्तान में शामिल होने की आजादी दी जाएगी, या वे अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रख सकेंगी। आदित्यनाथ ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने 563 रियासतों का भारत में विलय कराकर वर्तमान भारत के निर्माता के रूप में देशवासियों के दिलों पर राज किया। मुख्यमंत्री ने बाराबंकी में 1,734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, विदेशी विधर्मियों ने पहले भारतीयों को आपस में लड़ाया, जाति-आधारित सेनाएं बनाईं और फिर पूरे देश को कमजोर कर दिया। बाद में, उन्होंने एक वर्ग का साथ दिया और उनके शुभचिंतक होने का ढोंग किया, लेकिन वे देश पर कब्जा करना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, गरीबों के कल्याण और विरासत के सम्मान को अपनाते हुए एक उल्लेखनीय यात्रा तय की है।



किशनगंज : बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार को मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए कतार में खड़े मतदाता अपनी पहचान पत्र दिखाते हुए।



मधुबनी : बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मंगलवार को कैठिनिया उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित बूथ संख्या 266 पर वोट डालने के लिए मतदाता अपने पहचान पत्र के साथ कतार में खड़े हुए।

## प्रशांत किशोर ने डाला वोट, कहा- बिहार में बदलाव लाने के लिए लोग करें मतदान



**पटना:** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने मंगलवार को बिहार विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में मतदान के दौरान राज्य के मतदाताओं से ईमानदारीपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। रोहतास जिले की काराकाट विधानसभा क्षेत्र के करगहर में मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए किशोर ने कहा कि अगर लोग इस अवसर का उपयोग नहीं करेंगे तो राज्य को 'भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और मजबूरन पलायन' के अगले पांच साल और झेलने पड़ेंगे। किशोर ने कहा, 'मैं बिहार के लोगों से अपील करता हूं कि वे घरों के अंदर या पड़ोस में समय न गंवाएं। बाहर निकलें, मतदान केंद्रों पर पहुंचें और बदलाव के लिए वोट करें-अपने ही भले के लिए वोट करें।' उन्होंने कहा कि चुनाव 'अच्छे प्रत्याशियों को चुनने और शिक्षा व रोजगार सृजन के क्षेत्र में सुधार लाने का अवसर' है। किशोर ने चेताया, 'अगर यह मौका चूक गया तो राज्य को एक बार फिर पांच साल के लिए भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और मजबूरन पलायन का सामना करना पड़ेगा।'

## हेमंत सोरेन ने राज्य स्थापना सप्ताह की शुरुआत करते हुए 'रन फॉर झारखंड' को हरी झंडी दिखायी



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्य के स्थापना सप्ताह समारोह की शुरुआत करते हुए रांची के मोराबादी मैदान से 'रन फॉर झारखंड' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य 15 नवंबर को अपना 25वां स्थापना दिवस मनाएगा। इसी दिन आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की जयंती भी है। झारखंड सरकार ने राज्य की रजत जयंती को स्थापना सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिसकी शुरुआत मंगलवार से हो गई। मोराबादी स्थित बापू वाटिका से शुरू हुई यह दौड़ लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सैनिक मार्केट में समाप्त हुई। सोरेन ने कहा, 'मैं उन महान व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिनके लंबे संघर्ष, त्याग और बलिदान ने इस राज्य की पहचान को आकार दिया है। झारखंड का यह 25वां वर्ष गौरव, संकल्प और विकास का प्रतीक है।' उन्होंने कहा कि राज्य की स्थापना की रजत जयंती 15 नवंबर को भव्य तरीके से मनायी जाएगी। सोरेन ने कहा, '...'रन फॉर झारखंड' के माध्यम से हम राज्य के प्रति अपनेपन, एकता और विकास की भावना को मजबूत करना चाहते हैं।'

## तेजस्वी ने कतार में लगे मतदाताओं से बिना वोट डाले नहीं लौटने की अपील

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता एवं महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुई 'रिकॉर्ड मतदान' ने यह संदेश दे दिया है कि राज्य की जनता को 'नतीजा' चाहिए, 'जुमला' नहीं। राजद नेता यादव ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर प्रशासन मतदान की रफ्तार धीमी कर सकता है, लेकिन उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे कतार में लगे रहें और वोट डाले बिना कतार छोड़कर वापस नहीं लौटें। राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान मंगलवार को शाम छह बजे तक जारी रहेगा। तेजस्वी यादव ने दूसरे चरण के मतदान के दिन 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार से लोगों को केवल आश्वासन, नारे, जुमले और खोखले वादे ही मिले हैं। बिहार की जनता अब इन सबको एक पल के लिए भी बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है।'

## राजस्थान: परीक्षण में 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

**कोटा (राजस्थान):** स्वदेशी तकनीक से निर्मित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में गति परीक्षण के दौरान 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। रेलवे अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह उपलब्धि भरी और खाली दोनों परिस्थितियों में हासिल की गई। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की दूसरी 'रेक' (संस्करण-दो, 16 कोच) का परीक्षण अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ के परीक्षण निदेशालय दल ने दो नवंबर से किया। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पिछले



सप्ताह 908 टन भार के साथ 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार प्राप्त करने के बाद सोमवार को 800 टन के खाली 'रेक' पर भी परीक्षण सफल रहा। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह उपलब्धि 'मिशन रफ्तार' और 'मेक इन इंडिया' अभियानों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस दौरान इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) चेन्नई, मेधा सर्वो ड्राइव्स लिमिटेड और फेवले इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक सौरभ जैन ने एक बयान में बताया कि रोहलखुर्द-इंद्रगढ़-कोटा खंड पर किए गए इस परीक्षण में 100 किलोमीटर की दूरी तय की गई। इस दौरान ट्रेन ने अधिकतम गति प्राप्त करने के साथ दो अन्य प्रमुख तकनीकी परीक्षण भी सफलतापूर्वक पूरे किए। उन्होंने कहा कि इन परीक्षणों का उद्देश्य उच्च गति पर ट्रेन की स्थिरता, सुरक्षा सहित अन्य पहलुओं का वैज्ञानिक मूल्यांकन करना था। यह उपलब्धि भारतीय रेल की तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में एक और सशक्त कदम है।

## आईएएस अधिकारी ने अपने पति के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया



**जयपुर:** राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की महिला अधिकारी ने अपने आईएएस अफसर पति के खिलाफ पुलिस में घरेलू हिंसा और धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, भारती दीक्षित ने अपने आईएएस अधिकारी पति आशीष मोदी के खिलाफ घरेलू हिंसा, शारीरिक उत्पीड़न, अवैध रूप से बंधक बनाए रखने और धमकी देने का आरोप लगाया है। दीक्षित वित्त विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात हैं जबकि मोदी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में निदेशक हैं। दोनों राजस्थान कैडर के 2014 बैच के अधिकारी हैं। संपर्क करने पर मोदी ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। मोदी ने कहा, मैं इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता क्योंकि मामले की जांच चल रही है। मैं जांच में पूरा सहयोग करूंगा। जब प्राथमिकी दर्ज की गई तब मैं चार से सात नवंबर 2025 तक बिहार में था। दीक्षित ने आरोप लगाया है कि मोदी ने 2014 में उनके पिता के कैंसर से पीड़ित होने के दौरान उनकी भावनात्मक कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें शादी के लिए मजबूर किया। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अपने बारे में गलत तथ्य प्रस्तुत किए और बाद में उन्हें लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

## झारखंड में जंगली हाथियों ने तीन लोगों को कुचलकर मार डाला

**बोकारो/ चतरा:** झारखंड में जंगली हाथियों ने तीन लोगों को कुचलकर मार डाला। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बोकारो के जागेश्वर विहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में दो युवा मजदूरों को हाथियों ने कुचलकर मार डाला। जिला वन अधिकारी (डीएफओ) संदीप शिंदे ने बताया कि जंगली हाथियों का एक झुंड इलाके में घूम रहा था। उन्होंने कहा,'दिहाड़ी मजदूरों का एक समूह काम से घर लौट रहा था तभी उनका सामना झुंड (हाथियों) से हो गया। उनमें से कुछ मजदूर भागने में कामयाब रहे लेकिन चरकू और प्रकाश को हाथियों ने कुचलकर मार डाला।' शिंदे ने कहा कि दोनों मृतकों के परिजनों को 25-25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

## मतदान के बीच जद(यू) कार्यालय पहुंचे नीतीश कुमार, चुनावी हालात का लिया जायजा



**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक पटना स्थित जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उनके साथ राज्य के जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। कुमार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और प्रदेश भर में जारी मतदान की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चुनावी कार्य में जुटे कार्यकर्ताओं के समर्पण और परिश्रम के लिए उनका आभार व्यक्त किया। जद(यू) ने 'एक्स' पर लिखा, हर कदम विश्वास का, हर कदम विकास का। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जद(यू) प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव में सक्रिय सभी साथियों के परिश्रम और समर्पण के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। इस संदेश को राजनीतिक हलकों में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने और मतदाताओं के बीच सकारात्मक संदेश देने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

# मस्जिदों में तेज आवाज में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के लिए 17 मुकदमे दर्ज

**बलिया:** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पुलिस ने एक अभियान के तहत जिले में अलग-अलग जगहों पर मस्जिदों में तेज आवाज में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के आरोप में सोमवार को कुल 17 मुकदमा दर्ज किये। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुकदमों में मस्जिद के संरक्षक और मौलवियों को नामजद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि जिले में सोमवार को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में तेज आवाज में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल और उच्चतम न्यायालय व प्रदेश शासन के निर्देशों की अव-हेलना करने के आरोप में कुल 17 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मस्जिद से संबंधित लोगों को न्यायालय व प्रदेश शासन के



निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी गई है। पुलिस के अनुसार, बांसडीह रोड थाने में उपनिरीक्षक महेंद्र रावत की तहरीर पर सोमवार को गोठहुली मस्जिद के मौलवी मोहम्मद शाहजहां के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। अधिकारी ने दर्ज प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि मस्जिद में तेज आवाज के लिए दो बड़े लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल किया जा रहा था। भीमपुरा थाने में उपनिरीक्षक दुर्गेश गौड़ की तहरीर पर सोमवार को शोधनपुर मस्जिद के गोठहुली मस्जिद के संरक्षक मोहम्मद सलीम अंसारी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि मस्जिद के उपर तीन लाउडस्पीकर लगा हुए थे और आसपास के लोगों के मना करने के बावजूद तेज आवाज में अजान और नमाज कथित तौर पर अदा की जा रही थी। बलिया शहर कोतवाली में उपनिरीक्षक आनंद मोहन उपाध्याय की तहरीर पर सोमवार को जमुआ मस्जिद के संरक्षक हैदर अली के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। बलिया कोतवाली में उपनिरीक्षक प्रशांत दूबे की तहरीर पर सोमवार को उमरगंज मस्जिद के संरक्षक गुलाम अरशद के नामजद मुकदमा दर्ज किया गया।

## जोधपुर में 544 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर :** राजस्थान के मादक पदार्थ रोधी बल ने जोधपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में 544 किलो अवैध डोडा पोस्त, चोरी की एक एसयूवी, 35 कारतूस और कई नकली नंबर प्लेट जब्त की हैं। एएनटीएफ के पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार ने मंगलवार को बताया कि जोधपुर शहर और जोधपुर ग्रामीण एएनटीएफ इकाइयों ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया। टीम ने संदिग्ध एसयूवी का लगभग 20 किलोमीटर तक पीछा किया। कुमार ने कहा, जैसे ही पुलिस टीम नजदीक पहुंचीं, तस्करों ने कई बार पुलिस वाहन को टक्कर मारने की कोशिश की। लेकिन टीम ने उसे रोक लिया। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। वाहन से 27 बोरों में भरा कुल 544 किलो डोडा पोस्त बरामद किया गया।

## न्यूज अपडेट

### मध्य रेलवे के नए महाप्रबंधक विजय कुमार का निधन



**मुंबई:** मध्य रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) विजय कुमार का मंगलवार तड़के मुंबई में निधन हो गया। उन्होंने एक महीने पहले ही पदभार संभाला था। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक चिकित्सा राय में मौत का कारण नींद में हृदयाघात बताया गया है, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद ही सही कारण का पता चलेगा। उन्होंने कुमार की उम्र के बारे में जानकारी नहीं दी। मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि कुमार को मुंबई के जसलोक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियर सेवा (आईआरएसएमई) के 1988 बैच के अधिकारी कुमार ने एक अक्टूबर को मध्य रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया था। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने रेलवे बोर्ड में अपने कार्यकाल के दौरान सेमी हाई-स्पीड कॉरिडोर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी तथा स्पेन में डिजाइन की गई टैल्गो रेलगाड़ियों के गति परीक्षणों का पर्यवेक्षण किया था। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं।

### उत्तर प्रदेश : पीलीभीत में विहिप नेता की गिरफ्तारी को लेकर विवाद, प्रशासन ने दिए जांच के आदेश

**पीलीभीत (उप्र):** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने पीलीभीत जिले की एक वरिष्ठ अधिकारी पर संगठन के स्थानीय पदाधिकारी के खिलाफ झूठा और राजनीति से प्रेरित मामला दर्ज कराने का आरोप लगाया है। विहिप के स्थानीय पदाधिकारी की गिरफ्तारी को लेकर विवाद के बाद अधिकारियों ने मामले की जांच का आदेश दिया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब अपर ज़िला मजिस्ट्रेट (एडीएम) ऋतु पुनिया ने छह नवंबर को विहिप के संगठन सचिव प्रिंस गौड़ के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत पीलीभीत नगर कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को गौड़ को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन जेल में उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें उसी रात अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन, विहिप ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजेश ने जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ज्ञानेंद्र सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अभिषेक यादव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और आरोप लगाया कि मामला निराधार और मनगढ़ंत है। राजेश ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में दावा किया कि गौड़ के खिलाफ कार्रवाई संगठन को बदनाम करने की एक जानबूझकर की गई कोशिश है। उन्होंने एडीएम पुनिया के आचरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुष्टि की कि विहिप प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की और कहा कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।


### भाजपा ने 'भ्रामक' सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर राजद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के खिलाफ निर्वाचन आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राजद ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से आदर्श आचार संहिता और कुछ अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपे गए लिखित शिकायत पत्र में भाजपा ने कहा कि राजद का यह पोस्ट 'मतदान के दिन मतदाताओं की धारणा को प्रभावित करने का सुनियोजित प्रयास'' है और ऐसे कृत्य 'लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार करते हैं।' भाजपा की शिकायत से पहले, राजद ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट में दावा किया था कि भाजपा और लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के कार्यकर्ता जनता दल (यूनाइटेड) के लिए मतदान नहीं करवा रहे हैं और इसके विपरीत जद(यू) के कार्यकर्ता भी भाजपा के पक्ष में वोट नहीं डलवा रहे हैं। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि इन तीनों दलों के किसी भी नेता ने इस दावे का खंडन नहीं किया है। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा कि 'यह पोस्ट झूठे आरोप लगाता है कि भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता जद(यू) के पक्ष में मतदान को रोक रहे हैं, जबकि जद(यू) कार्यकर्ता भाजपा के लिए वोट नहीं पड़ने दे रहे हैं।'

### मादक पदार्थ तस्कर को 10 साल की कैद

**सोनभद्र (उप्र):** सोनभद्र जिले की एक अदालत ने मादक पदार्थ हेरोइन रखने के 15 साल पुराने एक मामले में आरोपी व्यक्ति को दोषी करार देते हुए मंगलवार को 10 साल कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। शासकीय अधिवक्ता शशांक शेखर मिश्रा ने बताया कि 31 मार्च 2010 को पुलिस ने गश्त के दौरान वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर विश्वामित्र राय नामक व्यक्ति को 300 ग्राम हेरोइन बरामद किये जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि गाजीपुर के भांवरकोल निवासी आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके उसके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस अधिनियम) आबिद शमीम ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद राय को दोषी पाया और उसे 10 साल कठोर कारावास तथा एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# दिल्ली विस्फोट : पीड़ितों के शव लेने के लिए अस्पताल के बाहर एकत्र परिवारों के नहीं थम रहे आंसू



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल के बाहर मंगलवार सुबह अफरा-तफरी का माहौल था, जहां कई लोग गेट पर एकत्र थे। उनमें से कई लोग सोमवार शाम हुए विस्फोट में मारे गए अपने परिजनों के शवों की पहचान करने के बाद दुखी थे या फिर अपने प्रियजनों के बारे में खबर मिलने की घबराहट के साथ प्रतीक्षा कर रहे थे। अस्पताल के मुर्दाघर के गेट पर कड़ी सुरक्षा थी और केवल अधिकृत कर्मियों को ही प्रवेश की अनुमति थी। कुछ लोग परिवार के लापता सदस्यों के बारे में जानकारी के लिए अस्पताल के कर्मचारियों से विनती करते देखे जा सकते थे, जबकि कई लोग एम्बुलेंस के आने-जाने के दौरान फूट-फूटकर रो पड़े। एलएनजेपी अस्पताल के मुर्दाघर में रात की शिफ्ट में काम करने वाले एक कर्मचारी ने दृश्य को 'भयावह' बताया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''जो शव आए, उनकी पहचान करना मुश्किल था...कई के अंग कटे-फटे थे या गायब थे।'' ऐसा ही एक परिवार नोमान का था। सोमवार शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट में मारे गए लोगों में वह भी शामिल था। मंगलवार सुबह, शव की पहचान करने के बाद उसके परिवार के सदस्यों के दुख को समझा जा सकता था। परिवार के सदस्य एक-दूसरे को सांत्वना देने की कोशिश कर रहे थे। जब अधिकारी सफेद कपड़े में लिपटे उसके अवशेषों को ले जा रहे थे, तो शोकाकुल परिवार चुपचाप एम्बुलेंस के पीछे-पीछे चल रहा था। नोमान का दोस्त सोनू मुर्दाघर तक नहीं जा सका। दुखी सोनू ने कहा कि वह अपने दोस्त को ऐसी हालत में नहीं देख सकता। जिन शवों की पहचान कर ली गई है, उन्हें रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। एक परिवार ई-रिक्शा में बैठकर रो रहा था और एक-दूसरे को सांत्वना दे रहा था।

## मुख्यमंत्री गुप्ता ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रु के मुआवजे की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लाल किले के नजदीक सोमवार को हुए विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिवार को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की मंगलवार को घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने विस्फोट में स्थायी रूप से अशक्त हुए लोगों को पांच-पांच लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को दो-दो लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। यह विस्फोट सोमवार शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर एक के पास ट्रैफिक सिग्नल पर धीमी गति से चल रही कार में हुआ। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' दिल्ली में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया है। इस मुश्किल की घड़ी में दिल्ली सरकार की गहरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है और जो इस घटना में घायल हुए हैं।''

## दिल्ली विस्फोट मामले में गिरफ्तार डॉक्टर के घर की गहन तलाशी

**पूरे यूपी में कड़ी की गयी सुरक्षा**



**लखनऊ :** दिल्ली में लालकिले के पास हुए कार विस्फोट के एक दिन बाद मंगलवार को पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा चौकसी और सघन निरीक्षण बढ़ा दिया गया। आतंकवाद-रोधी एजेंसियों और पुलिस टीमों ने लखनऊ सहित कई शहरों में तलाशी अभियान चलाया। राजधानी लखनऊ में आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस), लखनऊ पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की एक संयुक्त टीम ने दिल्ली विस्फोट मामले में पहले गिरफ्तार की गई डॉक्टर शाहीन शाहिद के मुत्तकीपुर स्थित आवास पर गहन तलाशी अभियान चलाया। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने शाहीन की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी जुटाने के लिए दस्तावेज एकत्र किये और परिवार के सदस्यों तथा पड़ोसियों से पूछताछ की। शाहीन के पिता सैयद अहमद अंसारी ने संवाददाताओं को बताया कि वह दिल्ली धमाके के मामले में अपनी बेटी की कथित संलिप्तता के बारे में सुनकर हैरान हैं। उन्होंने कहा, ''मेरे तीन बच्चे हैं। मेरा सबसे बड़ा बेटा मोहम्मद शोएब यहां मेरे साथ रहता है। मेरी बेटी शाहीन शाहिद और मेरा सबसे छोटा बेटा परवेज अंसारी है। मैंने शाहीन से आखिरी बार लगभग एक महीने पहले बात की थी। मैंने उसे कभी भी डॉक्टर मुजम्मिल या ऐसी गतिविधियों से जुड़े किसी भी व्यक्ति का जिक्र करते नहीं सुना।'' पुलिस सूत्रों ने बताया कि शाहीन के डॉक्टर मुजम्मिल से संबंध होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुजम्मिल के पास से पहले फरीदाबाद में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुजम्मिल जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद का कथित रूप से समर्थन करने वाले एक सोशल मीडिया पोस्ट से जुड़े एक अलग मामले में वांछित था।

## कश्मीर घाटी में वाहनों की गहन तलाशी शुरू



दिल्ली में हुए कार धमाके के एक दिन बाद मंगलवार को कश्मीर घाटी में पुलिस ने व्यापक स्तर पर वाहनों की गहन तलाशी शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, तलाशी अभियान अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम, बारामूला, गंदेरबल और शोपियां जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों तथा अन्य प्रमुख सड़कों पर संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सामरिक तौर पर महत्वपूर्ण स्थानों पर अस्थायी चौकियां स्थापित की गईं। तलाशी के दौरान वैध दस्तावेज न होने पर कई वाहनों को जब्त किया गया।

## विस्फोट के एक दिन बाद लाल किले के आसपास की गलियों में सन्नाटा पसरा



**नयी दिल्ली :** लाल किले के आसपास विक्रेताओं की आवाजों और खरीदारों की चहल-पहल से गुलजार रहने वाली सदियों पुरानी गलियां मंगलवार सुबह एक अजीब सी खामोशी में डूबी थी। एक दिन पहले हुए जोरदार विस्फोट के बाद तबाही के निशान हर ओर दिख रहे थे। सोमवार शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 'ट्रैफिक सिग्नल' पर कार में हुए जोरदार विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। आमतौर पर यातायात और पर्यटकों की भीड़ भाड़ वाले इस इलाके में अब सन्नाटा छाया हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विस्फोट के काफी देर बाद तक उन्हें मानव अवशेष पड़े दिखाई दिए। चांदनी चौक में रहने वाले स्थानीय दुकानदार उमेश राय ने बताया, जब मैं सड़क पर जा रहा था, तो मेरी चप्पल में मांस का एक टुकड़ा फंस गया। मैं एक पल के लिए स्तब्ध रह गया। यह भयावह था। मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। राय ने बताया कि जब धमाका हुआ तब वह अपनी दुकान पर थे। उन्होंने कहा, ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो। पूरी इमारत हिल गई। कुछ ही मिनटों में लोग दहशत में भागने लगे। मैंने अपनी दुकान बंद की और वहां से चला गया। निवासियों ने बताया कि घटनास्थल से सटे एक जैन मंदिर में शव के कुछ हिस्से बिखरे हुए थे, और उन्हें आशंका है कि उनके घर या दुकान की छत पर भी कुछ अवशेष हो सकते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### तमिलनाडु में मंदिर के दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या, नकद चढ़ावा लूटा गया

**विरुधुनगर :** तमिलनाडु के विरुधनगर जिले के एक मंदिर में दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या करके हुंडी से नकदी लूट ली गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सुबह की पाली में तैनात एक सुरक्षाकर्मी ने देवदानम स्थित नचदाई तविर्तरूलिया स्वामी मंदिर के अंदर ध्वजस्तंभ के पास शंकरपांडियन (65) और पेचिमुथु (50) के शव पड़े देखे, जिसके बाद उसने तुरंत मंदिर के अधिकारियों तथा पुलिस को सूचित किया। राजापलायम से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित इस प्राचीन मंदिर का प्रबंधन हिंदू धार्मिक एवं धर्मस्व विभाग करता है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंदिर की दान पेटी भी टूटी हुई मिली और उसमें से नकदी गायब थी। उन्होंने बताया कि पुलिस को संदेह है कि लूट का विरोध करने पर दोनों सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी गई होगी।

### शकील अहमद ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शकील अहमद ने बिहार में स्थानीय नेतृत्व के साथ मतभेदों का हवाला देते हुए मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और कांग्रेस के पूर्व महासचिव अहमद ने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजा। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखते हैं और किसी भी पार्टी में शामिल नहीं होंगे। अहमद का इस्तीफा बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के दिन हुआ।

### धर्मांतरण रोधी कानूनों पर रोक लगाने की याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई से न्यायालय का इनकार

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात समेत विभिन्न राज्यों में बनाए गए धर्मांतरण रोधी कानूनों पर रोक लगाने की याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि इन याचिकाओं को दिसंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। एक याचिकाकर्ता के वकील ने कानूनों पर रोक से संबंधित अंतरिम याचिका अगले सप्ताह सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया। इस पर, प्रधान न्यायधीश ने कहा, यह संभव नहीं है।

## दिल्ली विस्फोट मामला : नेपाल सीमा पर सुरक्षा और कड़ी की गयी



**महराजगंज/बहराइच/श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) :** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 12 लोगों की मौत की घटना के बाद नेपाल से सटी उत्तर प्रदेश की सीमा पर सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गयी है। महराजगंज के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोमेंद्र मीणा ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद भारत और नेपाल की सोनौली सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को सीमा पार करने की अनुमति देने से पहले लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा को मजबूत करने और राष्ट्र-विरोधी तत्वों की घुसपैठ रोकने के लिए एसएसबी ने नेपाल जाने वाले हर रास्ते पर सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे लगाए हैं। उन्होंने बताया कि ये कैमरे मुख्य सड़कों के अलावा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) चौकियों पर भी लगाए गए हैं।

## साउंड्स ऑफ कुंभ 68वें ग्रैमी पुरस्कारों की 'बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम' श्रेणी में नामांकित

**नयी दिल्ली :** महाकुंभ मेले से प्रेरित गायक-संगीतकार सिद्धांत भाटिया की आध्यात्मिक एल्बम साउंड्स ऑफ कुंभ को 68वें ग्रैमी पुरस्कार के लिए 'बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम' श्रेणी में नामांकित किया गया है। ग्रैमी पुरस्कारों के लिए नामांकन पिछले सप्ताह घोषित किए गए थे। उत्तर प्रदेश सरकार की एक सांस्कृतिक पहल के रूप में पेश की गई इस एल्बम का निर्माण नेटवर्क18 और हिस्ट्रीटीवी18 के सहयोग से किया गया है और यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया ने विश्व स्तर पर इसका वितरण किया है। भारत और विदेश के 50 से अधिक कलाकारों की 12 गीत वाली इस एल्बम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इस साल की शुरुआत में आयोजित हुए विशाल धार्मिक समागम महाकुंभ की भावना को दर्शाना था। इस वर्ष जनवरी और फरवरी में 45 दिन तक आयोजित महाकुंभ के दौरान 60 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे थे।

## राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में महाराष्ट्र को सर्वोच्च सम्मान मिला




**नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र को 2024 के लिए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार की सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है तथा गुजरात और हरियाणा ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल द्वारा घोषित ये पुरस्कार देश भर में जल संरक्षण और प्रबंधन में उत्कृष्टता को सम्मानित करते हैं। जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग ने संयुक्त पुरस्कार विजेताओं सहित 10 श्रेणियों में 46 विजेताओं की घोषणा की। जल क्षेत्र में योगदान के लिए ये पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ स्कूल या कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्ता संघ, सर्वश्रेष्ठ संस्थान, सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज और सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति श्रेणी में दिए जाएंगे। विजेताओं को एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पाटिल ने बताया कि पुरस्कार समारोह 18 नवंबर को होगा जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ये पुरस्कार प्रदान करेंगी। इन पुरस्कारों के छठे संस्करण के लिए 751 आवेदन प्राप्त हुए।

## धर्मेंद्र की हालत स्थिर और सेहत में हो रहा सुधार, झूठी खबरें फैलाना बंद करें: परिवार



**मुंबई :** जाने-माने अभिनेता धर्मेंद्र के परिवार ने मीडिया से उनके स्वास्थ्य के बारे में झूठी खबरें प्रसारित नहीं करने का आग्रह करते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी ''हालत स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो'' रहा है। धर्मेंद्र (89) मुंबई के एक अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में हैं। इससे पहले सुबह धर्मेंद्र की मौत को लेकर खबरें प्रसारित होने के बाद उनकी बेटी एशा देओल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट करके उन्हें खारिज कर दिया। एशा ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, ''लगता है कि मीडिया जरूरत से ज्यादा सक्रियता दिखा रहा है और झूठी खबरें फैला रहा है। मेरे पिता की हालत स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि हमारे परिवार की निजता का सम्मान करें। पापा के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद।'' अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी ने भी अपने पति धर्मेंद्र के स्वास्थ्य के बारे में ''गैर-जिम्मेदाराना'' मीडिया कवरेज की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''जो कुछ हो रहा है, वह अक्षम्य है! जिम्मेदार चैनल ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी खबर कैसे फैला सकते हैं जिसे इलाज से लाभ हो रहा है और जिसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है? यह बेहद अपमानजनक और गैरजिम्मेदाराना है। कृपया परिवार और उसकी निजता की जरूरत का पूरा सम्मान करें।''

## दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की



**गुवाहाटी :** दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट के मद्देनजर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने विभिन्न स्टेशन और ट्रेन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरपीएफ की सभी इकाइयां अलर्ट पर हैं और पूरे जोन में संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सुरक्षा अभियानों में सहायता के लिए स्वान दस्तों को भी तैनात किया गया है जबकि स्टेशन, रेलवे परिसरों और ट्रेन में गहन जांच की जा रही है। सीसीटीवी प्रणाली के माध्यम से निगरानी को मजबूत किया गया है तथा स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म पर चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आरपीएफ द्वारा राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ भी समन्वय किया गया है।

## छत्तीसगढ़ : बीजापुर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में छह नक्सलियों को मार गिराया है तथा हथियार, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि जिले के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की जानकारी के आधार पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को नक्सल रोधी अभियान में रवाना किया गया था। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि इस अभियान के दौरान आज सुबह 10 बजे से संयुक्त दल और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। यादव ने बताया कि अब तक अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से छह माओवादियों का शव, इंसास राइफल, स्टेनगन, .303 राइफल सहित अन्य हथियार, विस्फोटक सामान और अन्य माओवादी सामान बरामद किया गया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि आज के अभियान का परिणाम सुरक्षा बलों के लिए एक निर्णायक और महत्वपूर्ण बढ़त है। उन्होंने बताया कि यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब माओवादी संगठन नेतृत्वविहीन, दिशाहीन और मनोबल हीन स्थिति में अपने कुछ बचे हुए ठिकानों में सिमटकर रह गया है।

## लाल किले के पास विस्फोट के बाद प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी की गयी : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि लाल किले के पास सोमवार शाम हुए विस्फोट के मद्देनजर सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उन्होंने विस्फोट में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक यातायात सिग्नल पर धीमी गति से चल रही एक कार में हुए उच्च-तीव्रता वाले विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट में 20 लोग घायल भी हुए तथा कई वाहन जलकर खाक हो गए। वैष्णव ने सोमवार देर रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दिल्ली में हुए विस्फोट से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'' उन्होंने कहा, ''सभी प्रमुख रेलवे स्टेशन पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था के साथ हाई अलर्ट जारी किया गया है।'' विस्फोट के कुछ घंटों बाद उत्तर रेलवे ने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) हाई अलर्ट पर हैं और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के सभी स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उसने कहा कि नयी दिल्ली, पुरानी दिल्ली, आनंद विहार, हजरत निजामुद्दीन और गाजियाबाद जैसे प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई और यात्रियों को असुविधा पहुंचाए बिना सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी संभव उपाय किए गए।

## प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश ने ऊर्जा, संपर्क, रक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की

### मोदी दो दिवसीय यात्रा पर भूटान पहुंचे



**थिंपू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद दोनों नेताओं ने भारत और भूटान की ओर से संयुक्त रूप से विकसित 1020 पुनात्सांगछू-2 जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भूटान नरेश महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-भूटान संबंधों के संपूर्ण आयाम पर चर्चा की। उन्होंने लिखा, हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत को भूटान की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार होने पर गर्व है। मोदी भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार सुबह थिंपू पहुंचे। भारत और भूटान के बीच संबंध लगातार प्रगाढ़ हो रहे हैं। सितंबर में भारत ने भूटान के साथ 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो सीमा पार रेल संपर्क बनाने की अपनी योजना पेश की थी, जो हिमालयी देश के साथ इस तरह की पहली रेलवे संपर्क परियोजना है। परियोजना के तहत भूटान के गेलेफू और समत्से तथा असम के कोकराझार और पश्चिम बंगाल के बानरहाट के बीच नयी रेल लाइन स्थापित की जाएंगी।

## हिंदू आस्था की रक्षा के लिए सनातन धर्म परिक्षण बोर्ड की स्थापना की जाए: पवन कल्याण



**तिरुपति :** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने हिंदू आस्था और प्रथाओं की रक्षा के लिए सभी हितधारकों की सहमति से सनातन धर्म परिक्षण बोर्ड की स्थापना का मंगलवार को आह्वान किया। कल्याण की यह टिप्पणी उच्चतम न्यायालय की ओर से नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) के इन निष्कर्षों के मद्देनजर आई है कि तिरुपति मंदिर को घी की आपूर्ति करने वाले आरोपियों ने कथित तौर पर 251 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का 68 लाख किलोग्राम मिलावटी घी तैयार किया था। एसआईटी ने पाया कि इस मात्रा में से 137 करोड़ रुपये मूल्य के 37 लाख किलोग्राम से अधिक घी की आपूर्ति कथित तौर पर वैष्णवी डेयरी स्पेशलिटीज प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के माध्यम से तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को की गई थी तथा इसका इस्तेमाल प्रसाद के लड्डू बनाने में किया गया था। कल्याण ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमारी आस्था की रक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता... और अब समय आ गया है कि हम सभी हितधारकों की सहमति से सनातन धर्म परिक्षण बोर्ड की स्थापना करें। उन्होंने लिखा कि टीटीडी वैश्विक हिंदू समुदाय के लिए गहरा आध्यात्मिक महत्व रखता है और यह एक तीर्थस्थल से कहीं बढ़कर एक पवित्र प्रवास स्थल है। कल्याण ने कहा कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम केवल एक तीर्थस्थल ही नहीं, बल्कि गहन महत्व वाला एक पवित्र आध्यात्मिक स्थल है। उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर में प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डू एक मिठाई से कहीं अधिक हैं – ये साझा भावना और आस्था का प्रतीक हैं, तथा सामूहिक विश्वास को दर्शाते है, क्योंकि श्रद्धालु इन्हें सभी के साथ साझा करते हैं। कल्याण ने कहा कि हर साल लगभग 2.5 करोड़ श्रद्धालु तिरुमला आते हैं और जब हिंदुओं की भावनाओं और प्रथाओं का मजाक उड़ाया जाता है या उन्हें कमतर आंका जाता है, तो इससे दुनियाभर में लाखों लोगों की आस्था को ठेस पहुंचती है।

# गिल ने किया लंबे समय तक अभ्यास, जायसवाल और सुदर्शन ने भी बहाया पसीना



**कोलकाता:** भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि सीमित ओवरों के प्रारूपों से लाल गेंद वाले क्रिकेट में बदलाव में समय लगता है और इसलिए उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अपनी तकनीक को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को यहां नेट्स पर करीब डेढ़ घंटा बिताया। दक्षिण अफ्रीका की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है क्योंकि पिछले महीने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उसने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ कराई थी। गिल ने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में अर्धशतक और नाबाद शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे। वह ऑस्ट्रेलिया में वनडे और टी-20 मैचों की आठ पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए और उनका उच्चतम स्कोर 46 रन रहा। लेकिन टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद वह प्रतिबद्ध दिखे और उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत की। नेट अभ्यास से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहायक कोच सीतांशु कोटक को उनके साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया, जिसमें संभवतः उनके खेलने के तरीके पर चर्चा की गई। गिल बाद में स्लिप में फील्डिंग के अभ्यास के लिए अपने साथियों के साथ शामिल हुए और फिर यशस्वी जायसवाल के साथ नेट पर अभ्यास करने के लिए चले गए।

## दिल्ली की टीम रणजी में 65 साल में पहली बार जम्मू-कश्मीर से हारी

**नयी दिल्ली:** दिल्ली क्रिकेट को बड़ी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी जब सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को दिल्ली को सात विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी में 65 साल में पहली जीत दर्ज की। इस हार के साथ दिल्ली की टीम की गिरती साख एक बार फिर उजागर हुई। तीन घरेलू मैचों में केवल चार अंक हासिल करने वाली सात बार की चैंपियन दिल्ली आठ टीमों के ग्रुप डी में छठे स्थान पर है और नॉकआउट में पहुंचने के लिए अब उसे चमत्कार की जरूरत होगी। 1960 से अब तक दोनों टीमों के बीच हुए 43 मुकाबलों में यह जम्मू-कश्मीर की पहली जीत है। 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जम्मू-कश्मीर ने आखिरी दिन 55/2 से आगे खेलना शुरू किया और इकबाल ने 147 गेंदों में नाबाद 133 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने भी पहली पारी में शतक जड़कर अहम भूमिका निभाई। डोगरा अपने 22वें सत्र में रणजी रनों के मामले में वसीम जाफर के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दिल्ली में संदिग्ध चयन, रणनीतिक कमी और डीडीसीए की गुटबाजी को हार का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

## विश्व शतरंज कप: सभी मैच ड्रॉ होने से पांचों भारतीय दौड़ में बरकरार

**पणजी:** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं जबकि मंगलवार को विश्व शतरंज कप के चौथे दौर में सभी भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी पहली बाजी ड्रॉ खेली। एरिगेसी को पीटर लेको के खिलाफ अधिक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा जो सफेद मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ से संतुष्ट दिखे। भारतीय खिलाड़ी के दूसरी बाजी में पूरी ताकत झोंकने की उम्मीद है। आर प्रज्ञानानंदा और डेनियल डुबोव की बाजी भी ड्रॉ रही। डुबोव जोखिम उठाना चाहते थे लेकिन अंततः मुकाबले को ड्रॉ कराने को राजी हो गए।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण: सिराज

**कोलकाता:** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पूरा विश्वास है कि वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के गत विजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ के शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन करेंगे। भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अभी तीसरे स्थान पर है। उसने इस चक्र के शुरू में घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज को दो टेस्ट मैच में हराने से पहले इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 2-2 से श्रृंखला बराबर की थी। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ के साथ की।

## दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप: भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराया

**नयी दिल्ली:** भारत ने दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप के शुरुआती मुकाबले में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मॉडर्न स्कूल मैदान में इस विश्व कप का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत दिव्यांगजनों के लिए समर्थनम ट्रस्ट की दिल्ली शाखा के छात्रों द्वारा सांकेतिक भाषा में प्रस्तुत राष्ट्रगान के साथ हुई। ठाकुर ने इस मौके पर कहा, ''मैं सभी टीमों को विश्व कप के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें हम आपको टेलीविजन पर देखेंगे।' उद्घाटन समारोह



के बाद भारत और श्रीलंका का मैच हुआ जिसमें श्रीलंका की दृष्टिबाधित महिला टीम 13.3 ओवर में महज 41 रन पर आउट हो गयी। भारत ने शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए श्रीलंका के सात बल्लेबाजों को रन आउट किया जबकि दीपिका टीसी, गंगा कदम और जमुना रानी टुडू को एक-एक सफलता मिली।

## दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली के लागू होने की संभावना नहीं, फिर शुरू हो सकती है एकदिवसीय सुपर लीग

**दुबई:** बहुचर्चित दो स्तरीय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) प्रणाली के लागू होने की संभावना नहीं है और इसकी जगह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027 के मध्य से शुरू होने वाले अगले डब्ल्यूटीसी चक्र में सभी 12 पूर्ण सदस्यों को खेलने का मौका दे सकता है। अभी नौ पूर्ण सदस्य डब्ल्यूटीसी मुकाबलों में भाग लेते हैं जबकि जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान और आयरलैंड पूर्ण सदस्य का दर्जा होने के बावजूद इस विशिष्ट समूह का हिस्सा नहीं हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज के नेतृत्व में एक मूल्यांकन समूह ने दो स्तरीय प्रणाली की अवधारणा पर विचार किया था लेकिन हाल ही में दुबई में हुई आईसीसी की तिमाही बैठक के दौरान इसे पर्याप्त समर्थन नहीं मिला। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'दो स्तरीय प्रणाली पर चर्चा हुई लेकिन कुछ सदस्य इस मॉडल से सहमत नहीं थे और उनका मानना था कि 12 टीम की प्रणाली को आजमाया जाना चाहिए क्योंकि इससे टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ खेलने के अधिक मौके मिलते हैं।' इस विचार का विरोध मुख्य रूप से पाकिस्तान, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की ओर से हुआ जो प्रस्तावित दो स्तरीय प्रणाली के तहत टियर दो में शुरुआत कर सकते थे।

## एशियाई खेल 2014 की पदक विजेता तार गोला फेंक खिलाड़ी मंजू बाला पर डोपिंग के कारण पांच साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली:** इंचियोन एशियाई खेलों की पदक विजेता तार गोला फेंक खिलाड़ी मंजू बाला पर नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने 2024 में प्रतिबंधित दवाओं के सेवन के लिए पॉजिटिव परीक्षण के बाद पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया है। एशियाई खेल 2014 में कांस्य पदक जीतने वाली मंजू का डिहाइड्रोक्लोरोमिथाइल-टेस्टोस्टेरोन (स्टेरॉयड) और सार्म्स एलजीडी-4033 (लिगैंड्रोल) के लिए परीक्षण पॉजिटव आया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने पिछले साल सितंबर में उनके डोपिंग में असफल होने की जानकारी सार्वजनिक की थी।

## गुजरात के मुख्यमंत्री ने विश्व कप विजेता क्रिकेटर राधा यादव को सम्मानित किया

**गांधीनगर:** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य राधा यादव को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने राधा से बात की और उन्हें एक शॉल भेट की। मुंबई की रहने वाली राधा घरेलू टूर्नामेंटों में बड़ौदा के लिये खेलती हैं। पटेल ने एक्स पर लिखा ,'भारत की बेटियों ने महिला विश्व कप जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। गांधीनगर में राधा यादव से बात की जो विजेता टीम की अहम सदस्य हैं और बड़ौदा से हैं। उन्हें जीत और शानदार प्रदर्शन के लिये बधाई दी और भविष्य के लिये शुभकामनायें भी।'

## आईपीएल नीलामी अबू धाबी में होगी

**नयी दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र की नीलामी दिसंबर के मध्य में अबू धाबी में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारी ने मंगलवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। दुबई (2023) और जेद्दा (2024) के बाद यह लगातार तीसरी बार होगा जब नीलामी विदेश में आयोजित की जाएगी। नीलामी का आयोजन 15 या 16 दिसंबर को होने की संभावना है। अधिकारी ने कहा, 'अबू धाबी को नीलामी स्थल के रूप में चुना गया है।' पिछले साल सऊदी अरब में हुई मेगा नीलामी के बाद यह एक छोटी नीलामी होगी।

## आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप: ऐश्वर्या ने रजत पदक जीता, ईशा और राणा की जोड़ी भी दूसरे स्थान पर रही



**काहिरा:** ओलंपियन ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। ईशा सिंह और सम्राट राणा की भारतीय जोड़ी ने भी इसके बाद 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी को फाइनल में चीन के कियानक्सुन याओ और काई हू की जोड़ी से 10-16 से हार का सामना करना पड़ा। ईशा और सम्राट ने कुल 586 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि सुरुचि सिंह और श्रवण कुमार 579 अंक हासिल करने के बावजूद फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। ऐश्वर्या ने 466.9 अंक हासिल किए और चीन के युकुन लियू (467.1) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का कांस्य पदक फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (454.8) ने जीता। फाइनल में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय नीरज कुमार 432.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले 24 वर्षीय ऐश्वर्या ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने हेतु विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की।

## दक्षिण अफ्रीका ने अभ्यास में स्पिन गेंदबाजों का सामना करने पर दिया जोर



**कोलकाता:** पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी टेस्ट जीतकर यहां आई दक्षिण अफ्रीका टीम ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व स्पिनरों का सामना करने और गेंदबाजों की लय बिगाड़ने के इरादे से नेट पर मंगलवार को काफी पसीना बहाया। विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका ने नये चक्र की शुरूआत पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला 1 . 1 से ड्रॉ कराके की। दूसरे टेस्ट में उसने आठ विकेट से जीत दर्ज की। जून में टीम को पहला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब दिलाने के बाद पहली बार फिट होकर वापसी कर रहे कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुवाई में टीम ने अभ्यास किया। अभ्यास सत्र में जोर स्पिन का सामना करने पर था। बावुमा ने थ्रो डाउन का सामना किया। सीनियर बल्लेबाज एडेन मार्क्रम ने सलामी जोड़ीदार रियान रिकेलटन के साथ बल्लेबाजी की। बेंगलुरू में रविवार को दक्षिण अफ्रीका टीम ने 400 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करके भारत ए को हराया था जिससे भी टीम के हौसले बुलंद थे। बावुमा और जुबैर हमजा उस टीम का हिस्सा थे। बावुमा की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले टोनी डि जोर्जी ने पाकिस्तान के खिलाफ एक शतक समेत 175 रन बनाये थे। वह भारत में अपना पहला मैच खेलेंगे।



## म्यूचुअल फंड की इक्विटी योजनाओं में निवेश अक्टूबर में 19 प्रतिशत घटकर 24,690 करोड़ रुपये

**मुंबई:** म्यूचुअल फंड की इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश अक्टूबर में लगभग 19 प्रतिशत घटकर 24,690 करोड़ रुपये रह गया। एक उद्योग निकाय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यह लगातार तीसरा महीना है, जब इसमें गिरावट आई है। खुदरा निवेशकों के पसंदीदा निवेश विकल्प व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में कुल प्रवाह सितंबर के रिकॉर्ड 29,631 करोड़ रुपये की तुलना में 29,529 करोड़ रुपये रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, सोने की कीमतों में तेजी के बीच इस महीने गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 7,743 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। इस श्रेणी में कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गईं। इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश सितंबर में नौ प्रतिशत घटकर 30,421 करोड़ रुपये रह गया। इससे पहले यह अगस्त में 22 प्रतिशत घटकर 33,430 करोड़ रुपये रह गया था।

# सेंसेक्स 336 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,700 अंक के करीब

**मुंबई:** स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए अच्छी बढ़त के साथ बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांक में बीएसई सेंसेक्स 336 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 25,700 अंक के करीब पहुंच गया। भारत, अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद के बीच सेवाओं और दूरसंचार कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 411.32 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,124.03 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 125.1 अंक यानी 0.48 प्रतिशत टूटकर 25,449.25 अंक पर आ गया। हालांकि, दोनों मानक



सूचकांकों ने अच्छी वापसी की और कारोबार के अंत में उल्लेखनीय बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 335.97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत बढ़कर 83,871.32 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 120.60 अंक यानी 0.47 प्रतिशत चढ़कर 25,694.95 अंक पर रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'दिल्ली विस्फोट के प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच घरेलू बाजार की शुरुआत हल्की रही। हालांकि, अमेरिकी सीनेट द्वारा विभिन्न विभागों में कामकाज ठप होने को समाप्त करने के लिए एक विधेयक पारित किए जाने से वैश्विक संकेतों के समर्थन से, बाजार में तेजी से सुधार हुआ और यह लाभ के साथ बंद हुआ।'

## भारत व्यापार समझौतों में किसानों, डेयरी, श्रमिकों के हितों से समझौता नहीं करेगा: गोयल

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत, अमेरिका के साथ एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित व्यापार समझौता चाहता है और वह किसानों, मछुआरों तथा डेयरी क्षेत्र के हितों से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका एक अच्छे द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि भारत अपने मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए रूस जैसे नए बाजारों की तलाश कर रहा है। उन्होंने यहां उद्योग समागम-2025 में कहा, 'हम एक अच्छे व्यापार समझौते के लिए काम कर रहे हैं। भारत किसानों, डेयरी और श्रमिकों के हितों से समझौता नहीं करेंगे... हम एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और संतुलित व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं।' उद्योग समागम-2025 राज्यों के उद्योग और वाणिज्य मंत्रियों का सम्मेलन है। मंत्री ने कहा, 'हम (अमेरिका के साथ) एक निष्पक्ष, समतापूर्ण और संतुलित व्यापार समझौता चाहते हैं। यह (व्यापार समझौता) कल हो सकता है, अगले महीने हो सकता है, अगले साल हो सकता है... हालांकि, एक सरकार के रूप में हम किसी भी आकस्मिक स्थिति का सामना करने की तैयारी कर रहे हैं।'



### चिकित्सकीय उपचार के लिए 'आगमन पर वीजा' पर विचार किया जा सकता है: गोयल

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका जैसे देशों के मरीजों को चिकित्सकीय उपचार के लिए आगमन पर वीजा (वीजा ऑन अराइवल) की सुविधा देने पर विचार किया जा सकता है। गोयल ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में कहा, 'आगमन पर वीजा का विचार अच्छा है। हम इसे आगे बढ़ाएंगे... कई देशों के लिए हम आगमन पर वीजा की अनुमति देते हैं। हम ई-वीजा की अनुमति भी देते हैं... इन दोनों पर विचार किया जा सकता है। अमेरिका के लिए, अधिकतर यूरोपीय देशों के लिए... वैसे सभी के लिए नहीं... अधिकतर देशों के लिए जहां हमें काफी सुविधा है और जहां विस्तृत जांच-पड़ताल या पूछताछ की आवश्यकता नहीं है।'

## भारत में दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में से एक का निर्माण करेगा अदाणी समूह

**नयी दिल्ली:** अदाणी समूह ने बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में प्रवेश की मंगलवार को घोषणा की। समूह की गुजरात के खावड़ा में 1,126 मेगावाट/ 3,530 मेगावाट बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) स्थापित करने की योजना है जो भारत की सबसे बड़ी एवं दुनिया की सबसे बड़ी एकल-स्थान भंडारण परियोजनाओं में से एक होगी। समूह ने बयान में कहा कि 700 से अधिक बीईएसएस कंटेनर वाली इस सुविधा के मार्च 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। यह खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा परिसर का हिस्सा होगी जिसे विश्व का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र बताया जा रहा है। बीईएसएस परियोजना की विद्युत क्षमता 1126 मेगावाट और ऊर्जा क्षमता 3530 मेगावाट होगी। इसका मतलब है कि बीईएसएस 3530



मेगावाट ऊर्जा संग्रहित करने में सक्षम होगी जिससे 1126 मेगावाट की विद्युत क्षमता लगभग तीन घंटे बढ़ जाएगी। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, 'ऊर्जा भंडारण अक्षय ऊर्जा आधारित भविष्य की आधारशिला है। इस ऐतिहासिक परियोजना के साथ, हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं बल्कि भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता एवं स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि यह पहल समूह को बड़े पैमाने पर विश्वसनीय, स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। समूह ने बयान में कहा कि वह वित्त वर्ष 2026-27 तक अपनी भंडारण क्षमता को 15 गीगावाट घंटा और पांच वर्ष के भीतर 50 गीगावाट घंटा तक बढ़ाने की योजना बना रहा है जो बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना में उसकी महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करता है। इस रणनीतिक प्रवेश के साथ, अदाणी समूह बड़े पैमाने पर भंडारण अवसंरचना में निवेश करने वाले वैश्विक ऊर्जा दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गया है जो भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण को चिह्नित करता है।

## भारतीय स्मार्टफोन बाजार में जून-सितंबर में वीवो शीर्ष पर, एप्पल ने 50 लाख आईफोन का निर्यात किया

**नयी दिल्ली:** चीन की स्मार्टफोन कंपनी वीवो ने सितंबर तिमाही में संख्या के लिहाज से 18.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपनी बढ़त बनाए रखी। दूसरी ओर एप्पल ने इस तिमाही में अब तक सबसे अधिक 50 लाख आईफोन निर्यात किए। बाजार अनुसंधान फर्म आईडीसी ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन



(आईडीसी) के वैश्विक तिमाही मोबाइल फोन निगरानी के अनुसार एप्पल ने प्रीमियम (कीमत 53,000-71,000 रुपये प्रति स्मार्टफोन) और सुपर-प्रीमियम खंड (71,000 रुपये प्रति स्मार्टफोन से अधिक कीमत) दोनों में अग्रणी स्थान हासिल किया। रिपोर्ट में कहा गया, ''भारत का स्मार्टफोन बाजार 2025 की तीसरी तिमाही में पांच साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4.8 करोड़ इकाई का उत्पादन हुआ।'

## आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान पर भ्रामक दावों को लेकर केंद्र सरकार की स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली :** आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान को लेकर सोशल मीडिया पर किए जा रहे कुछ भ्रामक दावे पूरी तरह निराधार और गलत हैं। यह कहा जा रहा है कि इस अभियान के तहत केंद्र सरकार या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक द्वारा नागरिकों का व्यक्तिगत डेटा एकत्र या साझा किया जा रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का उद्देश्य केवल नागरिकों को उनके बैंकों, बीमा कंपनियों, म्युचुअल फंड्स और अन्य वित्तीय संस्थानों में पड़ी अप्राप्त जमा राशि वापस दिलाना है। सरकार ने कहा है कि किसी भी नागरिक का निजी या गोपनीय डेटा न तो एकत्र किया जा रहा है और न ही साझा। सभी शिविर बैंकों और अधिकृत संस्थानों के माध्यम से सुरक्षित, पारदर्शी और सत्यापनीय तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार नागरिकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और सभी से अपील की है कि वे भ्रामक सूचनाओं से भ्रमित न हों और अपने अप्राप्त धन की वापसी के लिए इन शिविरों में निश्चित होकर भाग लें।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 23 पैसे की बढ़त के साथ 88.50 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 23 पैसे की बढ़त के साथ 88.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कई अमेरिकी विभागों का कामकाज ठप होने संबंधी (शटडाउन) विधेयक पर प्रगति और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों के बीच रुपये में यह तेजी देखी गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी लौटने और अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर उम्मीदों ने रुपये को समर्थन प्रदान किया। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की निकासी ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।

### शक्ति पंप्स का दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन, आय 666.4 करोड़ रुपये

**कोलकाता :** शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में 666.4 करोड़ रुपये की कुल आय दर्ज की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5% अधिक है। पहली छमाही में आय 1288.9 करोड़ रुपये रही, जिसमें 7.2% की वृद्धि हुई। इस तिमाही में ईबीआईटीडीए 136 करोड़ रुपये और मार्जिन 20.4% रहा। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 22,304 सोलर पंप और पहली छमाही में 39,861 यूनिट इंस्टॉल किए। निर्यात कारोबार 102.9 करोड़ रुपये तक पहुंचा, जबकि नकद बिक्री 67% बढ़कर 42.8 करोड़ रुपये रही। सोलर रूफटॉप सेगमेंट ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में विस्तार किया। 7 नवंबर तक कंपनी की ऑर्डर बुक 1,300 करोड़ रुपये रही। शक्ति पंप्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा, हमारी मजबूत पाइपलाइन और रणनीतिक निवेश हमें स्थायी विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

### वित्त मंत्रालय आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक करेगा

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा करने के लिए बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों की एक बैठक बुलाई है। इस बैठक की अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले सप्ताह कहा था कि देश को बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है, और इस संबंध में रिजर्व बैंक और बैंकों के साथ चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा था, 'सरकार इस पर विचार कर रही है और काम शुरू हो चुका है। हम रिजर्व बैंक के साथ चर्चा कर रहे हैं। हम बैंकों के साथ भी चर्चा कर रहे हैं।' सूत्रों ने बताया कि 12 नवंबर को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ होने वाली समीक्षा बैठक में उनके वित्तीय आंकड़ों के अलावा सरकार की प्रमुख योजनाओं की प्रगति पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### भारत, न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत लगभग पूरी

**नयी दिल्ली:** भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में व्यापार वार्ता को गति देने के लिए न्यूजीलैंड गए थे। अधिकारी ने कहा, 'बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है। अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचाने में कुछ और सप्ताह लग सकते हैं।' उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को व्यापार वार्ता के लिए यहां आएंगे। मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत औपचारिक रूप से 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई थी। भारत का न्यूजीलैंड के साथ द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 2024-25 में 1.3 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 49 प्रतिशत की वृद्धि है। अधिकारी ने यह भी कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) भी भारत के साथ एक समझौते पर बातचीत करने के लिए उत्सुक है। बहरीन और कतर पहले ही अलग-अलग एक व्यापार समझौते में रुचि दिखा चुके हैं। खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं। भारत ने यूएई के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते को लागू किया है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3410 अंक 220, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in